ISSN 2347-8004 Bodhi Path
पंजीकरण संख्या-DELBIL/2011/41024

★ Half-yearly Bilingual Buddhism , Philosophy and UGC Approved Journal

★ जनवरी 2018, अंक - चौदहवां, द्विभाषिक छमाही पत्रिका

बोधि-पथ

Bodhi Path

Budha Education Foundation

Ph.: 9968262935, 8447637374, Web: http://bodhi-path.com

ISSN 2347-8004

बोधि–पथ

वर्ष : जनवरी 2018, अंकः 14 द्विभाषिक छमाही पत्रिका

प्रबंधक
भिक्खु विश्वबन्धु, चैयरमेन,
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट)

संरक्षक
प्रोफेसर नरेषमान वज्राचार्य, कुलपति
लुम्बिनी दिल्ली विश्वविद्यालय, लुम्बिनी, नेपाल।

परामर्श दाता
प्रो.के.टी.एस.सराओ, विभागाध्यक्ष
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

सम्पादक
डॉ संघमित्रा बौद्ध,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

उप–सम्पादक (अंग्रजी)
डॉ अमिता कपूर, एसोसिएट प्रोफेसर,
षहीद राजगुरू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय।

वेबसाइट व्यवस्थापक
श्री नरोत्तम सिंह
लेखक व हीलर

राज्य ब्यूरो
दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरांचल, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेष, उत्तर प्रदेश, बिहार, वेस्ट बंगाल।

वितरण
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट), मैत्रेय बुद्ध विहार, तीसरी मंजिल, एच–2/48 सै॰16, रोहिणी, दिल्ली–89
नोट :सम्पादक मण्डल के नियुक्त सभी पदाधिकारी अवैतनिक एवं परिवर्तनीय हैं ।

बोधि–पथ पत्रिका में प्रकाशित सामग्री लेखकों के निजी विचार हैं । आवश्यक नहीं कि प्रकाशक व सम्पादक उनसे सहमत हों।

"Disclaimer: The views and opinions expressed in the articles published are those of the authors and do not necessarily reflect the view or opinion of the magazine Bodhi-Path or any member of its Panel."

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामित्व धारक **भिक्खु विश्वबन्धु** के लिए स्टार फार्म, 8710, रोशनारा रोड, सब्जी मंडी, दिल्ली–110007 से मुद्रित एवं बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट), मैत्रेय बुद्ध, विहार, तीसरी मंजिल, एच–2/48, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 से प्रकाशित । सम्पादक का नाम और पता : **डॉ. संघमित्रा बौद्ध,** तृतीय तल, एच–2/48, सै. –16, रोहिणी, दिल्ली–110089

अनुक्रमणिका

सम्पादिका	डॉ संघमित्रा बौद्ध	01
भगवान बुद्ध की दृष्टि में नारी का अस्तित्व	डॉ. रंजना रानी सिंघल	03
प्राकृतिक चिकित्सा, विपश्यना साधना और मानसिक स्थिति	डा. संघमित्रा बौद्ध	09
The Buddhist Perspective on Women	Mayuri Dihingia	13
विपश्यना–साधना : मानसिक शान्ति का मूलमंत्र	डॉ. दीपंकर लामा	21
अर्थ परिवर्तन का घृण्य–सिद्धांत	डॉ0 (भिक्षु) प्रज्ञापाल	25
Bhikkhuni in Theravada Buddhism	Phramaha Sunthorn Natasaeng	31
प्रथम बौद्ध संगीति के अध्यक्ष महाकाश्यप (ई0पू0 483)	डॉ0 यु. कुण्डला	36
बुद्ध द्वारा अछूतों एवं असहायों की धम्म दीक्षा	डॉ0 कामेश्वर प्रसाद	40
Ven. Ledi Sayadaw: The Great Pioneer of Meditation Master	Ashin Htayeinda	44
धम्मपद में अभिधम्म के तत्त्व	पिंकु कुमार	48
''वैश्विक आतंकवाद के समाधान में बौद्ध अहिंसा''	सुषमा श्री	52
Genesis of Drikung-bKa-brgyud tradition of Tibetan Buddhism	Thinlay Norboo	57
सम्राट् कनिष्क और चतुर्थ बौद्ध संगीति	सुभम कुमार	61
रसवाहिनी: एक परिचय	राहुल राय	65
Conflict and Peace —within and without: A Peep through Dharma Dhamma Tradition.	Ashwani Kumar	68
वैर रूपी रोग का उपचार - करुणा एवं मैत्री से।	धम्मपद	76

निवेदन

पत्रिका 'बोधि–पथ' की सदस्यता के लिए आप अपने मित्रों, परिचितों एवं अन्य को भी सदस्य बनाकर सहयोग करें। पूर्व ग्रहित सदस्यों की सदस्यता इस अंक के साथ समाप्त हो गई है। कृपया करके अपनी सदस्यता शुल्क की राशि को खाता न0 – 3007101001960, केनरा बैंक, रॉकफिल्ड पब्लिक स्कूल, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 में जमा करने का कष्ट करें। ताकि राशि सहयोग द्वारा पत्रिका का सुचारू रूप से प्रकाशन हो सके। और अपने अमूल्य सुझाव एवं हिन्दी लेख ज्ञनदकसप एवं अंग्रेजी लेख को भी ई–मेल : sanghmb@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें।
Website: http://bodhi-path.com

E-mail : darshitraders@gmail.com, sanghmb@gmail.com
दूरभाष न.– 9968262935, 08447637374, 9810319200
प्रति मूल्य : 50रु॰ सदस्यता शुल्क : वार्षिक 100रु॰, द्विवार्षिक 200रु॰, आजीवन 5000रु॰

सम्पादिका

बौद्ध धर्म श्रमण परम्परा का एक निवृतिमार्गी धर्म है जिसके प्रवर्तक भगवान् बुद्ध हैं। वैदिक परम्परा में जहाँ पुरुषार्थ चतुष्टय–धर्म, अर्थ, काम, एवं मोह को महत्व प्राप्त है तथा वर्णाश्रम व्यवस्था है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ सन्यास के लिए आयु निर्धारित है। बौद्ध परम्परा में इस तरह की व्यवस्था न पाए जाने से निवृत्ति प्रधान कहा जाता है। निर्वाण को परम लक्ष्य मानकर आचरण हेतु संहिता बनाई गयी। ई. पू. छठी शताब्दी में बुद्ध ने हिंसक यज्ञों का विरोध कर समाज में अहिंसा को प्रतिष्ठा दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की, जो भव–व्याधि से पीड़ित मानव के लिए वरदान सिद्ध हुई।

;k ik.kkfrikrfr e|lkokn¥p Hkk lfrA
ykd vfnUu vkfn;fr ijnkj¥p xPNfrA
l|jkej;iku¥p ;k ujk vu;|¥tfrA
b/koe|lk ykdfLe e;y [kufr vŸkukA ¼/kEein (eyoXxk&18@246½

गृहस्थों के लिए प्रतिपादित बौद्ध परम्परा में पंचशील तथा भिक्षु के लिए दस शील पालनीय हैं। पंचशील शब्द से पाँच प्रकार के प्रतिष्ठत शिक्षाओं (नियमों) का ज्ञान होता है। व्यक्ति इनका पालन करता है, उसका आचरण शुद्ध एवं पवित्र माना जाता है। पंचशील का आरम्भ ^Ikk.kkfrikrk oje.kh^ से होता है। जिसका तात्पर्य है हिंसा से विरत रहना तथा कर्म व वाणी को संयमित रखना।

पंचशील आचार के नैतिक नियम निर्धारित करते हैं अतः इन्हें शिक्षापद भी कहते हैं, क्योंकि ये गृहस्थमात्र के लिए आचरणीय ठहराये गये हैं, इसलिए इन्हें गृहस्थ शील भी कहते हैं। सामान्यजन के लिए नित्य आचरणीय होने के कारण इनको नित्यशील भी कहते हैं।

बौद्ध परम्परा में गृहस्थों की आचार संहिता होती हैं। जिनका विस्तार से प्रतिपादन पाया जाता है। इसमें गृहस्थों को पूजा के स्थान पर छः विशेष कर्तव्य बतलाए गये हैं। सिंगालावादसुत्त में गृहस्थ के अधिकार एवं कर्तव्य का जितना सुन्दर व सरल विवेचन मिलता है अन्यत्र नहीं। यह आदर्श गृहस्थ की ऐसी आचार संहिता कही जा सकती है कि जो किसी जाति, सम्प्रदाय, धर्म पंथ, या राष्ट्र की सीमा से बाधित नहीं होती।

भगवान् बुद्ध ने जिस जीवनविधा को लोक में स्थापित किया वह भौतिक तथा कायक्लेश दोनों प्रकार की उपलब्धियों का सन्तुलित मिश्रण है। उसमें उन्होंने कहा कि न तो लौकिक सुख की ओर अर्थात् इन्द्रिय–सुख की ओर अत्याधिक अभिरूचि होनी चाहिए। जो काम और विषय वासनाओं का जीवन है, जो अत्यन्त हीन अनार्य और अनर्थकर है। दूसरा न ही कायक्लेश में अभिनिवेश होना चाहिए। क्योंकि शरीर को व्यर्थ ही पीड़ा पहुँचाना भी अत्यन्त हीन अनार्य और अनर्थकर है। इन दोनों

अन्तों का त्याग कर बुद्ध ने आर्य अष्टांगिक मार्ग को प्रशस्त किया। आर्य अष्टांगिक मार्ग ही मध्यम प्रतिपदा है। यह उच्चतम आध्यात्मिक एवं समाजिक जीवन जीने का मार्ग है। इस मार्ग से पथिकों की दुःखों से मुक्ति होती है। आर्य अष्टांगिक मार्ग का अंतिम उद्देश्य निर्वाण प्राप्ति है। निर्वाण प्राप्त लोग आध्यात्मिक दृष्टि से निष्पक्ष होते हैं। अतः इनके क्रिया कलापों से न तो किसी को कष्ट होता है और न ही वे कर्मबन्धन में फंसते हैं।

बौद्ध परम्परा में परिशुद्ध आजीविका के विभिन्न स्वरूप मिलते हैं। जीवन यापन करने के लिए जीविका मुख्य होती है, जिससे मनुष्य का जीवन व्यवस्थित एवं उत्तक तरीके से व्यतीत हो सके। इसलिए बुद्ध ने सम्यक् आजीविका में प्राणियों का व्यापार, हथियारों का व्यापार, मांस का व्यापार, शराब का व्यापार, विष का व्यापार आदि से अर्जित जीविका को अशुद्ध बतलाया और ऐसी जीविका से विरत रहने का उपदेश दिया। जीविकोपार्जन की विधि और तरीकों से अन्य व्यक्तियों को कोई हानि न हो तथा अपनी आजीविका के साथ–साथ अन्य व्यक्तियों के कल्याण की सम्भावना हो अर्थात् जीविकोपार्जन उन सभी मिथ्या आजीविकाओं से विरत एवं उचित विधि से अर्जित करना ही सम्यक् आजीविका है।

सुत्तनिपात के धम्मिक सुत्त में गृहस्थ के आचरण पर विशेष और विस्तार से भगवान् बुद्ध ने निर्देश दिए हैं। वे उत्तम श्रावक गृहस्थ के आचरणीय धर्मों के विषय में सर्वप्रथम अहिंसा पर बल देते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को चाहिए कि वह संसार के समस्त प्राणियों के प्रति हिंसा का परित्याग करके न तो किसी प्राणी की हिंसा करे, न हींसा के लिए किसी को प्रेरित करे और न हिंसा करने के लिए किसी को अनुमति दे। इसी प्रकार दूसरे की वस्तु को अनधिकृतरूपेण ग्रहण करने का विचार मनुष्य न करे, किसी को इस कार्य के लिए प्रंरित भी न करे और अनुमति भी न दें।

बुद्ध का धर्म एक व्यवाहारिक धर्म है। इसमें आचार–व्यवहार के साथ–साथ नैतिकता की शिक्षा भी समाहित है, जो पंचशील पर आधारित है। मानसिक, कायिक एवं वाचिक धर्मों को पूर्ण रूप से ग्रहण करना ही पंचशील है। यह सभी गुणों का मूल ह। बुद्ध का मार्ग साधना का उत्कृष्ट मार्ग है। बुद्ध–धर्म एक सार्वभौमिक धर्म है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि परिवार का सुखी जीवन तभी सम्भव है, जब गृहस्थों द्वारा अपने धर्म–कर्त्तव्यों का सही ढंग से आचरण किया जाए। प्रस्तुत बोधि–पथ के माध्यम से बुद्ध का अमर संदेश आप तक पहुंचाने का यह एक विनम्र प्रयास है। पत्रिका के समृद्ध सम्पादन में उन समस्त लेखकों व विद्वज्जनों का हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनके लेखों एवं बहुमूल्य सुझाव द्वारा यह कार्य पूर्ण किया गया। इससे आपके ज्ञान–भण्डार में कुछ वृद्धि हुई तो हम अपना प्रयास सफल समझेगें।

Mk l?kfe=k ck)

भगवान बुद्ध की दृष्टि में नारी का अस्तित्व

Mk- j;rk jkuh fl?ky] ,lkfl,V izkQsljh lR;orh dkyst ¼bofux½ fnYyh fo'ofo|ky; A

हमारे विश्व का इतिहास प्राचीन काल से ही पुरुष प्रधान समाज रहा है। महिलाओं की समाज में भूमिका पुरुषों की अपेक्षा काफी निम्न रही है। नारी अपने जीवन में बहुत सीमित वस्तुओं को ही प्राप्त कर सकती थी क्योंकि उसके जीवन की धारा जन्म से मृत्यु तक पिता, भाईयों व अन्ततः पतियों के अधीन थी इस तरह की पुरुष प्रधान दुनिया में नारी अपने विकास की बहुत ज्यादा आशा नहीं कर सकती थी। प्रारम्भ से ही पुरुषों ने महिलाओं के विकास पर अधिक कार्य नहीं किए। पुरुषों ने महिलाओं को अपने बराबर मानने में सदैव अस्वीकार किया तथा नारी को केवल एक सीमित, सादा जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। वे महिलाओं को हीन भावना से देखते थे। पुरुष नारियों को अपना बंधक व स्वयं को इनका राजा मानते थे। नारी को केवल प्रजनन क्रिया के लिए उपयोग किया जाता था। इसलिए मानव जाति को ठीक प्रकार से समझने के लिए तथा मानव जाति में पुरुष तथा नारी के मध्य समानता का अनुभव प्रदान करने के लिए ऐसे प्रतिमान की आवश्यकता थी जिसमें किसी एक लिंग को केन्द्र में रखकर तथा दूसरे लिंग को किनारे पर रखने से सुनिश्चित तौर पर बचा जा सके। इस प्रकार मानव जाति के विकास के लिए तथा नारी के कल्याण के लिए आज से लगभग 2550 वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान बुद्ध ने एक ऐसा ही कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किये थे।

छठी शताब्दी ईसा पूर्व बुद्ध का युग गंगा नगरीकरण के उद्‌भव व विकास के साथ–साथ तत्कालीन ब्राह्मण संस्कृति के हाशिये का प्रमुख गवाह था। तथागत ने समाज में महिलाओं व पुरुषों को एक ही एकीकृत व्यक्तित्व के पूरक पहलुओं के तौर पर बुद्धि व करुणा के रूप में देखा। बौद्ध धर्म के संस्थापक बुद्ध ने अपने संघ के भीतर नारी को व्यक्तिगत रूप में समान स्थान प्रदान किया। भगवान बुद्ध तथा उनके प्रिय शिष्य आनंद व उनके कुछ अन्य सहयोगियों का यह स्पष्ट मत था कि मनुष्य की जाति की भांति लिंग भी किसी व्यक्ति द्वारा दुख से छुटकारा पाने के बौद्ध लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा नहीं हो सकता था। समाज में कई लोग बुद्ध द्वारा पत्नी व गृहत्याग की घटना की आलोचना करते हैं परन्तु पत्नी व पुत्र के परित्याग के कारण बुद्ध की आलोचना अनुचित है क्योंकि उस समयकाल में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा रखने वालों से यह अपेक्षा की जाती थी कि वह मनुष्य की तीन सार्वभौम बेड़ियों, धन, स्त्री व प्रतिष्ठा का त्याग करे। ज्ञान प्राप्ति के लिए तथागत ने यह किया समाज में सभी प्राणियों के दुख का मूल कारण तृष्णा को बताया।

बौद्ध धर्म में नारी के अस्तित्व व प्रतिष्ठा को लेकर दो परस्पर विरोधी रूप प्रदर्शित किए गए हैं। एक ओर नारी को धार्मिक जीवन के लिए नितांत बाधक माना गया है क्योंकि स्वयं बुद्ध भी गृहस्थ जीवन को जीवन के चरम लक्ष्य 'निर्वाण' प्राप्ति के मार्ग में बाधक समझते थे इसी कारण स्वयं बुद्ध ने भी गृहस्थ जीवन त्याग कर परिव्राजक जीवन का प्रतिपादन किया था। उदाहरण के लिए जब

शाक्य व कोलिय वंश के झगड़े में शाक्य राजा शुद्धोधन व अन्य शाक्य कुमारों की मृत्यु के पश्चात् जब महाप्रजापति गौतमी अन्य शाक्य स्त्रियों को साथ लेकर अपने सिर मुड़वाकर, काषाय वस्त्र धारण करके बुद्ध के पास वैशाली पहुँचे तो बुद्ध ने नारियों को अपने बौद्ध धर्म के संघ में प्रवज्जा प्रदान करने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया था। परन्तु बुद्ध के प्रिय शिष्य आनंद के आग्रह करने पर बुद्ध ने कहा कि यह संभव है कि भिक्षुणियाँ बनकर स्त्रियाँ अर्हत फल की प्राप्ति कर सकती है परन्तु इन अठ्गुरु धम्मा का पालन करना होगा जो निम्नलिखित हैः–

- प्रत्येक भिक्षुणी को चाहे वह संघ में कितने भी वर्षों से रह रही हो सभी छोटे–बड़े भिक्षुओं को प्रणाम करना चाहिए तथा उनका आदर सम्मान करना चाहिए।
- भिक्षुविहीन स्थान पर भिक्षुणियों को वर्णावास नहीं करना चाहिए।
- भिक्षुणी भिक्षु संघ से यह पूछ ले कि हर पखवाड़े में उपोसथ किस दिन है और धर्मोपदेश सुनने के लिए किस दिन जाना है।
- वर्षावास तथा चार्तुमास के पश्चात भिक्षुणी को दोनों संघ की अर्थात् भिक्षु संघ और भिक्षुणी संघ की प्रवारणा करनी चाहिए अर्थात् स्वदोण बताने के लिए सभी से प्रार्थना करनी चाहिए।
- प्रति अर्द्धमास में किसी भिक्षु के समक्ष अपने पापों को स्वीकार करना चाहिए और जिस भिक्षुणी से संधोविशेष आपत्ति हुई हो उसे दोनों संघों में पन्द्रह (15) दिनों के लिए संघ के संतोष के लिए विहार से बाहर रातें व्यतीत करनी चाहिए तथा दोनों संघों से क्षमायाचना करनी चाहिए।
- जिस श्रामणेरी ने दो वर्ष तक अध्ययन किया हो उसे दोनों संघ उपसम्पदा प्रदान करें।
- किसी भी कारण से भिक्षुणी भिक्षु को अपशब्द न बोले तथा गाली गलोच कभी न करे।
- भिक्षुणी को प्रति अर्द्धमास एक भिक्षा लानी चाहिए।
- भिक्षुणी को अपने कर्तव्यों को भली भांति समझना चाहिए तथा सभी नियमों का पालन करना चाहिए।
- वे भिक्षुओं को विपथ न करें।
- भिक्षुणियाँ पाप से मुक्त रहें।

इस प्रकार भिक्षुणियों को बौद्ध संघ में आठ गुरु धर्मों का पालन करना होता था। इन नियमों के पीछे भगवान बुद्ध का शायद यही भय था कि भिक्षु व भिक्षुणी का संपर्क कहीं संघ में भ्रष्टाचार उत्पन्न न कर दे। इस तरह हम कह सकते हैं कि बुद्ध मानवी चरित्र की दुर्बलताओं से भली भांति परिचित थे वे नहीं चाहते थे कि किन्हीं कारणों से बौद्ध संघ में भ्रष्टाचार उत्पन्न हो। इन नियमों को इसी कारण बनाया गया। बुद्ध संघ में स्त्रियों के प्रवेश को निषेध करके उनके उद्दीपन की संभावना को निर्मल करना चाहते थे और जिसके परिणामस्वरूप सारी सत्ता भिक्षु संघ के अंतर्गत रहे इसलिए यह नियम बनाये गये और इतने में भी बुद्ध का अंतिम उपदेश था कि स्त्रियों के संघ में प्रवेश से संघ की आयु क्षीण हो गयी है यदि बौद्ध संघ में स्त्रियों का प्रवेश नहीं होता तब यह धर्म लगभग जहाँ एक हजार वर्ष तक कायम रहता वही यह धर्म अब केवल पाँच सौ (500) वर्षों तक ही कायम रह पायेगा। इस पर लगभग 80 वर्ष की उम्र में तथागत को भी जरा अवस्था का अनुभव हुआ तथा बुद्ध का जब अंतिम समय निकट आया तब बुद्ध के प्रिय शिष्य आनन्द ने तथागत से पूछा कि स्त्रियों

के प्रति भिक्षुओं का व्यवहार किस प्रकार का होना चाहिए? इस का उत्तर देते हुए बुद्ध ने कहा कि भिक्षु को उनका सम्मान/आदर करना चाहिए। इस प्रकार यह माना जाता है कि बुद्ध ने जो स्त्रियों के संघ में प्रवेश को न देने के आधार पर आलोचना की जो विरोध किया था वह केवल नारी के कामिनी रूप में की गई। व्यक्तिगत रूप से बुद्ध नारी का सदैव सम्मान करते थे। बुद्ध के लिए यह कथन असत्य है कि वे स्वभाव से स्त्री विरोधी थे और उसे नितान्त हेय समझते थे। स्त्री विरोधी उनके कथन स्त्री पर कामिनी रूप में ही उपयुक्त होते हैं उनका उद्देश्य समस्त नारी समाज की प्राकृतिय अयोग्यता का प्रतिपादन करना नहीं था। बौद्ध इतिहास की अमर नारियाँ– किसा, गौतमी, खेमा, विसाखा आदि तथागत के इस विश्वास की सत्यता का साक्षी है।

बुद्ध के अनुसार नारी में कोई भी अशुद्धता नहीं है और नारी को केवल पुरुष समाज की सम्पत्ति नहीं समझना चाहिए। नारी को बौद्ध इतिहास में नितान्त शुभ वर्णों में अंकित किया है। इसके अनुसार नारी कभी भी घृणा की पात्री नहीं हो सकती वह तो पुरुष की परम सखा है। नारी पुरुष का सदैव भला ही चाहती है तथा वह तो पुरुष की जननी है। बौद्ध साहित्य की जातक कथाओं में सुजाता एवं अनेक पतिव्रता स्त्रियों के उदाहरण प्राप्त होते हैं। बुद्ध ने नारी को नितान्त शुभ वर्णों में अंकित किया है उनके अनुसार वह भार्या के रूप में जिन उत्तरदायित्वों व कर्तव्यों का संवहन करती है उन्हीं पर समाज का उत्कर्णायकर्म अवलम्बित है। वह समाज की आधारशिला है, पुरुष के व्यक्तित्व का अंकुरण माता के अंक में ही होता है यही उसका प्राथमिक एवं सर्वप्रथम शिक्षालय है। यदि माता पुरुष के चरित्र की संरोपण भूमि है तो पत्नी उसके विकास हेतु प्रस्तर स्तम्भ। बुद्ध के अनुसार पत्नी के रूप में स्त्री पुरुष के सुख–दुख, आशा–निराशा आदि द्वन्दो में चिर साहचार्य देती हुई जीवन के सम विषम पथ पर उसके साथ निरन्तर गति से चलती हुई निरन्तर सहभागिनी बनी रहती है। नारी सामाजिक उत्कर्षापकर्ण का मापदण्ड है। उसकी सामाजिक स्थिति से सम्पूर्ण समाज प्रभावित होता है तथा नारी के सामाजिक मूल्य से समाज का मूल्यांकन भी किया जा सकता है। बुद्ध सैद्धांतिक रूप से नारी को पुरुषों के समान समझते थे। बुद्ध के अनुसार पुत्री वास्तव में ज्ञानी व गुणी बनकर पुत्र से अधिक अच्छी तथा आदर करने वाली संतान सिद्ध हो सकती है।

बौद्ध साहित्य के संयुक्त निकाय के मातुगाम सुत्त में बुद्ध ने अपने उपदेशों में कहा है कि नारी एवं पुरुष में नैसर्गिक अन्तर है। नारी की पाँच परेशानियां एवं विशेषताओं का बुद्ध ने वर्णन किया है। बुद्ध कहते हैं कि भिक्षुओं नारी रजस्वला होती है जबकि पुरुष नहीं होता। नारी अपना विवाह होने पर माता–पिता का घर छोड़कर पति के घर चली जाती हैं जबकि पुरुष विवाह के पश्चात् अपना घर छोड़कर नारी के घर नहीं जाता। स्त्री गर्भाधान करती है जबकि पुरुष नहीं करता स्त्री बच्चों का प्रजनन करती है जबकि पुरुष नहीं करता। उनके अनुसार विवाह के पश्चात् स्त्री को पति के घर में जाकर विशेष रूप से उसका घर संभालना चाहिए। बौद्ध साहित्य में वर्णन प्राप्त होता है कि साकेत नगर के करोड़पति सेठ धनंजय की जो पुत्रियाँ विशाखा व सुजाता थी। उनके पिता ने बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित होकर विशाखा के विवाह पर विशखा को एक उत्तम गृहिणी होने के लिए दस उपदेशों का पालन करने को कहा जो निम्नलिखित हैं–

1. पुत्री बाहर की आग अंदर मत लाना।
2. पुत्री कभी घर के अंदर की आग बाहर मत ले जाना।
3. खुशी से बैठना,
4. खुशी से उठना,
5. खुशी से सोना,
6. आग की इज्जत करना,
7. घर के देवी–देवताओं का आदर करना,
8. उसी को सहायता करना जो तुम्हारी करता है,
9. उसकी सहायता मत करना जो समय पर तुम्हारी नहीं करता,
10. जो सहायता न करे उसको भी देना, जो सहायता करे उसकी भी सहायता करना।

बौद्ध साहित्य की थेरी गाथा में गाथा नाम से यह कथा है विशाख का विवाह श्रावस्ती के नगर के सेठ मिगार के पुत्र पुष्यवर्द्धन से हुआ। इस विवाह में कोसल नरेश प्रसेनचित स्वयं सम्मिलित हुआ था व वर पक्ष की ओर से गया था उसका ससुर मिगर जैन धर्मावलम्बी था। जब वह ससुर घर गई तो वह बौद्ध संघ का दान देने लगी। बौद्ध धर्म में भक्ति देख कर बहू को धर्म विरोधिनी समझा गया। ससुर चाहता था कि बहू जैनों की भक्ति करे। उधर बहू चाहती थी कि बौद्धों में भक्ति करें। अन्त में विशाखा ने अपनी सेवा, सुशीलता, धर्मनिष्ठा, गुणों तथा तर्कों से ससुर की निष्ठा बौद्ध धर्म में स्थापित कर दी आगे जाकर अपने ससुर की माता कहलायी यानि उसे मिगार माता विशाखा नाम से बौद्ध धर्म में पुकारा जाने लगा। बौद्ध साहित्य के अंगुतर निकाय में बुद्ध ने विशाखा को नारियों के कत्तव्य की स्वयं शिक्षा दी थी बुद्ध ने कुलवन्ती स्त्रियों के लिए आठ गुणों को ग्रहण करने का विधान बतलाया है वे आठ सूत्र हैं।

– कुलवधुओं को सास ससुर की सेवा करनी चाहिए उनसे सदैव प्रिय व सहानुभूति पूर्वक वचन बोलने चाहिए।
– उनके प्रत्येक सुख का ख्याल करना चाहिए।
– अपने पति के मित्र तथा साधु संतों की उचित सेवा सम्मानपूर्वक करना चाहिए।
– घर में रखी कपास के उपयोग की कला में स्त्री को दक्ष होना चाहिए।
– घर के दास दासियों के जिम्मे लगाये गये काम उनके भोजन वस्त्र की व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी रखनी चाहिए। पति द्वारा लाये गये धन का समुचित उपयोग के बाद उसकी रक्षा करनी चाहिए तथा अपने सभी परिवार के सदस्यों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए।
– पंचशील के नियमों का पालन करना चाहिए।

इसी सेठ की दूसरी कन्या थी सुजाता ने अपने पिता की शिक्षा का पालन नहीं किया और बुद्ध के परम भक्त अनाथपिंडक की पुत्रवधू बनकर वर का सम्मान नहीं किया व घर का नरक बना दिया। भगवान बुद्ध कहा करते थे कि पति पत्नी यदि चाहें तो अपने गृहस्थ जीवन की सुखी बना सकते हैं या दुखी बन सकते हैं। सुखी दुखी जीवन बनाना किसी ईश्वर या किसी देवता के हाथ में

नहीं है। यह मात्र अपने कर्मों के आधार पर गृहस्थ जीवन में पति पत्नी के रहने के चार रूप होते हें ऐसा मनुष्य भगवान की दृष्टि में इस प्रकार है ऐसे गृहस्थ जीवन में

– एक लाश एक लाश के साथ रहती है।
– एक देवता एक देवी के साथ रहता है।
– एक लाश एक देवी के साथ रहती है।
– एक देवता एक लाश के साथ रहता है।

यहाँ लाश से मतलब पंचशील (हिंसा, चोरी, झूठ, शराब, व्यभिचार से दूर रहना) का पालन न करना देवता का मतलब पंचशील का पालन करना है। इस प्रकार पति पत्नी अपनी सूझ बूझ से अपने गृहस्थ जीवन को एक अनुपम जीवन बना सकते हैं। बुद्ध व आनन्द द्वारा ऐसे रूख को अपनाया जाना परम्परागत लिंगीय विकृति से परे सद्‌गुण व अध्यात्मिक समावम को पहचानने की ओर से किए गए प्रयासों को प्रतिविम्बित करता है। बुद्ध ने नारी को ज्ञानी मातृत्वशील सृजनात्मक, भद्र व सहिष्णु के रूप में स्वीकारा किया बुद्ध शिष्याओं से ऐसी महिलाएँ थी जो मानसिक व दैहिक दुखों से मुक्त होकर अर्हत बनी। कुछ भिक्षुणियों की अपनी खुद की शिष्याएँ थी जो धर्मपतिपादन में सक्षम भी बुद्ध व दूसरे भिक्षुओं की मध्यता के बिना उन्हें पूर्ण मुक्ति दिला सकती थी। बुद्ध तथा आनन्द जैसे उनकी शिष्यों का मानना था कि जाति की तरह लिंग भी किसी व्यक्ति के द्वारा दुःख से छुटकारा पाने के बौद्ध लक्षण को प्राप्त करने में बाधा नहीं हो सकता था।

इस प्रकार बुद्ध और उनके प्रिय शिष्य आनन्द ने नारी के प्रति समाज में एक सकारात्मक व क्रांतिकारी रूख रखा। बुद्ध ने नारी तथा पुरुष दोनों के लिए समान रूप से अपने बौद्ध संघ में प्रव्रजित होने के लिए द्वार खोले। इसका बुद्ध के उग्र आलोचकों ने कड़ा विरोध किया उनके अनुसार यह कदम समाज के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। परन्तु बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात नारी के उत्थान के लिए कदम नहीं उठे। बुद्ध जैसे महान व्यक्तित्व के अभाव में आनन्द जैसे महिलाओं के कुछ समर्थकों को संघ के भीतर तथा बाहर महिलाओं के संघ में प्रवेश के लिए विरोध का सामना करना पड़ा। इसका स्पष्ट उदाहरण राजगृह की प्रथम बौद्ध संगीति में आनन्द को दोषी ठहराकर आनन्द की कड़ी आलोचना से प्राप्त होता है। काल के उसी चक्र में बौद्ध संघ ने ब्राह्मणवाद के महिला विरोधी मत को अपनाया जिसने सदैव महिलाओं को नीच विश्वघाती, अविश्वासी, चरित्रहीन, ईर्ष्यालु, लालची आदि विशेषणों से विभूषित किया था। इस प्रकार के रूख के परिणामस्वरूप बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात् नारी ने अस्तित्व को बहुत हानि पहुँचाई। बौद्ध साहित्य के विग्ग सुत्त में नारी को पुरुष की सम्पत्ति के रूप में प्रदर्शित किया गया है इसी प्रकार की सम्पत्ति के रूप में प्रदर्शित किया गया है इसी प्रकार का वर्णन सुल्लवग्ग सुत्त में भी प्राप्त होता है। मिलिन्द प्रश्नों में तथागत का कथन है कि एकान्त प्राप्त होने पर नारी किसी भी पुरुष के साथ विपथ हो सकती है चाहे वह अंगहीन ही क्यों न हो। परन्तु बुद्ध ने नारी का व्यक्तिगत रूप से कभी भी निरादर नहीं किया वे सदैव महिलाओं का आदर–सम्मान करने का आदेश देते थे। नारी के प्रति बुद्ध का कड़ा रूख केवल नारी की काम भावना को लेकर था। इसी कारण बौद्ध संघ में प्रवेश के समय बुद्ध ने

नारी को अट्ठ गुरु धम्मा का पालन करने का उपदेश दिया जिसके परिणामस्वरूप समाज में नारी का आदर किया जाये तथा नारी को भी एक आदरपूर्ण स्थान समाज में प्राप्त हो सके। परन्तु बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात् बौद्ध संघ का वृहत समाज पर व उसकी गतिविधियों पर नियंत्रण न के बराबर था जबकि दूसरी और समाज बौद्ध संघ के निर्णयों को कई प्रकार से प्रभावित कर सकता था परन्तु बौद्ध संघ विभिन्न प्रकार के समर्थन के लिए समाज पर निर्भर था। बौद्ध धर्म का ब्राह्मणीकरण भारतीय समाज की महिलाओं के विकास के इतिहास में एक काला अध्याय माना जाता है क्योंकि ब्राह्मणीकरण के कारण बौद्ध संघ में भिक्षुणी संघ का अस्तित्व धीरे–धीरे क्षीण होता गया।

lUnHkZ xzUFk lwph

विनयपिटक	:	सम्पादित, एच. ओल्डेनवर्ग, पालि टैक्स्ट्रस सोसायटी, लंदन, 1879–83
थेरीगाथा	:	सम्पादक आर. पिशेल, पालि टेक्स्ट सोसायटी, लंदन 1883, नालंदा देवनागरी संस्करण, 1959
धम्मपद अट्ठकथा	:	बुद्धघोष, सम्पादित, एच.सी. नार्मन और एल.एस. तैलंग, 5 पिफल्मों में, पालि टैक्स्ट सोसायटी, लन्दन, 1906–15
धम्मपद	:	सम्पादक, टी.डब्लू., रीस डेविड्स और जे.इ. कारपेंटर, तीन पिफल्में में सम्पन्न, पालि टैक्स्ट सोसायटी, लन्दन, 1890–1911, नालन्दा देवनागरी संस्करण, तीन पिफल्मों में सम्पनन 1958
जातकट्ठकथा	:	भाग 1 काशी
तारनाथ लामा	:	भारत में बौद्ध धर्म का इतिहास ;अनुवाद रिजगिन लेन्ड्प लामाद्ध पटना 1971
पाण्डेय, गोविन्द चन्द्र	:	बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, हिन्दी समिति, 1961 उत्तर प्रदेश
राहुल सांकृत्यायन	:	पालि साहित्य का इतिहास, गुगल पुस्तक

egki tkifrxkreFkkjhxkFkk

^^c) ohj uek R;RFk] lCcl Ùkkue ÙkeA ;k e nD[k iekpfl] v¥i p cgd tuAA

''वह बुद्ध, वह वीर वह सर्वोतम प्राणी, जिसने मुझे और अन्य बहुत से प्राणियों को दुःख से मुक्त किया, उन्हें नमस्कार।''

^^lCcnD[k ifj¥kr] gr r.gk folkflrkA Hkkfork vëfMXdk eXxk] fujk/kk Qflrk e;kAA**

''मैने उनके मूल हेतु और तृष्णा को सुखा दिया है। मैंने दुःखनिरोधगामिनी आर्य अष्टागिंक मार्ग को स्पर्श किया है और उसकी भावना की है जिसके कारण सभी दुःखों को निश्चयात्मक रूप से जान लिया है।''

प्राकृतिक चिकित्सा, विपश्यना साधना और मानसिक स्थिति

Mk- l?kfe=k cks)] cks) vèèk;u foHkkx] fnYyh fo'ofo|ky;] fnYyh&110007

प्राकृतिक चिकित्सा का इतिहास उतना ही पुराना है जितना स्वयं प्रकृति। यह चिकित्सा विज्ञान आज की सभी चिकित्सा प्राणलियों से पुराना है। अथवा यह भी कहा जा सकता है कि यह दूसरी चिकित्सा पद्धतियों की जननी है।

प्राकृतिक चिकित्सा यह मानती है कि सब रोग एक है और सबकी चिकित्सा भी एक है। रोग होने का अर्थ है शरीर की स्वाभाविक स्थिति का बिगड़ जाना। ऐसा हमारे गलत रहन–सहन के कारण होता है, प्रकृति की इच्छा के विरूद्ध चलने से होता है। मनुष्य प्रकृति की संतान है, उसे भी अन्य पशुओं की तरह, जीवों की तरह जीना चाहिए। प्रकृति चाहती है कि मनुष्य श्रम करे, जैसा कि वह आदिकाल से करता आया है; भोजन, जो प्रकृति ने उसके लिए बनाया है, उसे जोड़–घटा कर दूषित न करे, शुद्ध वायु में रहे, शुद्ध पेयजल ग्रहण करे, और नींदभर सोये। पर, मनुष्य यह करता कहां हैं? फलतः उसका शरीर प्रदूषित हो जाता है, अर्थात् प्रदूषण से लद जाता है। यों कुदरत ने शरीर में ऐसे मार्ग बनाये हैं जो नित्य पैदा होने वाले प्रदूषण को निकाल दें। इन्हीं राहों से गलत रहन–सहन के कारण अतिरिक्त प्रदूषण भी निकल जाता है। पूरा न निकल सका तो वह रोग के रूप में निकलता है। उस समय भूख चली जाती है। आराम करने की इच्छा होती है, पानी–पीने की इच्छा भी बनी रहती है। यह प्रकृति का संकेत है। यदि प्रकृति के संकेत को समझकर मनुष्य चले तो शरीर शुद्ध हो जाता है और फिर प्रदूषित न करे, तो शरीर स्वच्छ और स्वस्थ बना रहता है।

इस शरीर की सीमा के भीतर ही मन काम करता है। गलत प्रकार के चिंतन से कलुषित हुआ मन हमारे शरीर को भी कलुषित कर देता है। यह कल्माष किसी विष से भी अधिक विषैला होता है। केवल मात्रा का ही अंतर होता है। मात्रा थोड़ी रहने पर मनुष्य जीता रहता है। तो स्वस्थ रहने के लिए, शरीर के लिए इंगित प्राकृतिक जीवन पर चलना चाहिए और मन को शुद्ध रखने के लिए भी उसके कुछ उपाय करना चाहिए। उपाय अनेक है।

आज से लगभग 2600 वर्ष पूर्व सिद्धार्थ गौतम ने अपने अथक परिश्रम के द्वारा प्रकृति में लुप्त विपश्यना ध्यान साधना विधि का पुनः अनुसन्धान कर बुद्धत्व का प्राप्त किया तथा बुद्ध कहलाये। विपस्सना के अभ्यास से सिद्धार्थ गौतम ने राग, द्वेष एवं मोह के आवरण का भेदन किया। समस्त संसार को संस्कृत करने वाले कार्य–कारण श्रृंखला प्रतीत्यसमुप्पाद की खोज की तथा वैश्विक सर्व कल्याण की भावना से प्रेरित लगातार 45 वर्षो तक शिक्षा बांटते रहे तथा इसे जनमानस के लिए व्यवहारिक रूप प्रदान किया।

pjFk fHkD[kko pkfjdk] cgqtu fgrk;] cgqtu lq[kk;] ykdqudEik;

vFkkZr & भिक्खुओं, बहुत जनों के हित के लिए, बहुत जनों के सुख के लिए, लोक पर दया करने के लिए विचरण करो।

वस्तुतः, ''विपश्यना'' दो शब्दों से मिलकर बना है, विपश्यना का अर्थ विशेष या गहन रूप से तथा 'पश्यना' का अर्थ है देखना अर्थात शरीर पर होने वाली पल–पल की घटनाओं को विशेष रूप से देखना। ये घटनाये संवेदनाओं के रूप में घटित होती है। संवेदना अर्थात वेदना, पाली भाषा में जिसका अर्थ होता है अनुभूति यानि शरीर पर नाना प्रकार के संवेदनाये हर पल होती ही रहती है जैसे– कभी सुखद, कभी दुखद, तो कभी अदुःखद–असुखद इत्यादि। पर जब साधक विपश्यना करते समय सजग रहकर इन संवेदनाओं के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता और समतापूर्वक रह करके संवेदनवाओं के अनित्य स्वाभाव को देखता है, तब उसी संवेदना के आधार पर राग–द्वेष, मोह, तृष्णादि दुख उपजता है तथा इन्ही संवेदनाओ को आधार बनाकर देखने पर दुःख का अनित्य बोध होता है, इस तरह दुःख का क्षरण होता है। इस तरह धीरे–धीरे जैसे–जैसे दुखो का क्षरण होता है वैसे–वैसे भीतर मानस में प्रशांति महसूस होती है। इस तरह ही वर्तमान में घटित संवेदनाओं को यथाभूत जानकर, प्रज्ञा जगाकर, उसके अनित्य भाव का बोध कर दुखों का नाश करता है, यही जीवन जीने की असली कला है, चूँकि प्रत्येक संवेदना का गुणधर्म होता है– ''उदय–व्यय'' यानि अनित्य। भगवान बुद्ध कहते हैः–

vfuPpk or lq[kkjk] mIikno; èkfEeukA
mif>Rok fu:>rh] rlq oqilek lq[kkAA

vFkkZr lpep! सारे संस्कार अनित्य ही तो है, उत्पन्न होने वाली सभी स्थितियां, वस्तु, व्यक्ति, अनित्य ही तो है। उत्पन्न होना और नष्ट हो जाना, यह तो इनका धर्म ही है, स्वाभाव ही है, विपश्यना साधना के अभ्यास द्वारा उत्पन्न होकर निरूद्य होने वाले इस प्रपंच का जब पूर्णतया उपशमन हो जाता है, पुनः उत्पन्न होने का क्रम समाप्त हो जाता है, उसी का नाम परम सुख है, वही निर्वाण–सुख है।

यानि शरीर और चित्त के संयोजन से जो भी संवेदना का निर्माण होता है वह कुछ समय बाद समाप्त हो जाती है, यही उसका नित्य गुणधर्म है, इस प्रकार साधक विपश्यना का अभ्यास करके वर्तमान क्षण में स्थित होकर संवेदनाओ के प्रति प्रतिक्रिया न करके उसके उदय–व्यय स्वाभाव को जानकर सारे दुखो–संस्कारों से मुफ्त हो जाता है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास हो सकता है। शरीर को स्वस्थ और स्वच्छ रखना विपश्यना ही दहलीज पर पैर रखने की पहली आवश्यकता है। इसी को सार्थक करने के लिए और इसका विस्तार समझने के लिए, विपश्यना साधना प्रारम्भ करने से पहले 'पंचशील' पालन करने का व्रत लेना होते हैं। पंचशील, अर्थात – (i) झूठ नहीं बोलूंगा, (ii) चोरी नहीं करूंगा, (iii) हत्या

नहीं करूंगा, (iv) परस्त्रीगमन नहीं करूंगा, (v) मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करूंगा। ये शील साधना की आधार–शिला है। इन शीलों का पालन करने से व्यक्ति अपने मन, शरीर और वाणी के दुष्कर्मों से बचा रहता है। मन के वशीकरण सहित इन शील–व्रतों के आधार पर कोई व्यक्ति विपश्यना का अभ्यास करने के लिए उद्यत होता है।

मनुष्य गलत या सही जो कुछ करता है, उन सबका भांडार 'चित्त' है। तो कहना होगा कि चित्त सर्वोपरि है और इसी में संचित दुष्कर्मों के परिणाम हमारे दूसरा जन्म लेने का कारण बनते हैं। यदि चित्त–शुद्धि हो जाय तब उसे बोधि की प्राप्ति कहेंगे। पर यह कार्य जन्म–जन्मांतरों में होता है। इसका आरंभ तो होना ही चाहिए और चित्त यह आरंभ मनुष्य का शरीर मिलने पर ही कर सकता है।

जो इस विधि को एक कर्मकांड न मानकर पूरी तरह ग्रहण करते और अपनाते हैं, उनका मानस शुद्ध होने लगता हैः अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह जो आदमी को तड़पाते रहते हैं, निर्बल होते जाते है। ज्यों–ज्यों वे निर्बल होते हैं, मनुष्य अगाध शांति का अनुभव करता है।

विपश्यना भव–संसरण से मुक्त करने की विधि तो है ही, मस्तिष्क को पवित्र और मन को शांत करने का रास्ता भी है। यह हर व्यक्ति के लिए काभ्य है। विपश्यना की राह पर चलना इस जीवन में सुख से जीने की एक अनन्य विधि है।

भगवान बुद्ध के अमूल्य साधना विधि विपश्यना द्वारा साधक तृष्णा को जड़ से समाप्त कर लौकिक (सांसारिक गृहस्थ जीवन) और पारलौकिक सुखो (निब्बान) को प्राप्त कर सकता है, भगवान ने कहा है–

vkjkX;ijek ykHkk] lUrqf"ijes èkuA
foLlklijek ¥kfr] fuCcku ijes lq[kAA

vFkkr आरोग्य रहना परम लाभ है, संतुष्ठ रहना परम धन है, विश्वास ही परम बंधु है और निर्वाण परम सुख है,

विपश्यना साधना के व्यवहारिक प्रयोग से व्यक्ति सांसारिक जीवन में रागविहीन, द्वेषविहीन, मोहविहीन होकर सम्पूर्ण दुखो का नाश करके, सुखद जीवन जी कर अपने उत्तम लक्ष्य को साध सकता है।

विपश्यना ध्यान साधना अर्थात जीवन जीने की कला, अभी तक इस साधना पध्दति से लाखो–करोड़ो लोगों ने मुक्ति पाई है। अब हम भी इस पावन अवसर पर इस सम्प्रदायविहीन, पन्थविहीन, जाति–धर्म के परे इस शिक्षा को आत्मसात करे तथा अपने जीवन को मंगल बनाये। अंतत भगवान बुद्ध ने अपनी शिक्षा का मूलसार संक्षिप्त में इस तरह कहा–

lCc ikiLl vdj.k] dqlyLl milEinkA
lfpÙkifj;ksniu] ,r cq)ku lklukAA

vFkkr सभी पाप कर्मो (अकुशल कर्मो) को न करना, कुशल कर्मो (पुण्य कर्मो) का संपादन करना। अपने चित्त (मन) का विपश्यना के द्वारा शुद्ध करते रहना, यही बुद्धों की शिक्षा है।

इस प्रकार हम भगवान बुद्ध की व्यावहारिक शिक्षा विपश्यना को जीवन में उतारकर शील, समाधि, तथा प्रज्ञा का अभ्यास करके समूल दुक्खो का प्रहाण कर जीवन के सर्वोत्तम लक्ष्य निर्वाण, मो़क्ष, मुक्ति, परमानन्द, परमसत्य को प्राप्त कर सकते।

भगवान बुद्ध अपने अनगिनत पूर्वजन्मों के सुकर्मों के कारण बोधि का रास्ता प्राप्त कर सके। हम सौभाग्यशाली हैं कि वह विधि हमें आज ज्यों–की–त्यों मिल गयी है। भारत से तो वह लुप्त ही हो गयी थी, पर पड़ोसी देश 'म्यंमार' में इसे बड़ी ही सावधानी से सही रूप से बचाकर रखा गया। वह पूज्य श्री सत्यनारायणजी गोयन्का द्वारा 1969 के अंत में भारत लायी गयी। उनके सत्प्रयत्नों से अब तक वह भारत एवं विदेशों के लाखों व्यक्तियों को मिल चुकी है।

जो इस विधि को एक कर्मकांड न मानकर पूरी तरह ग्रहण करते और अपनाते हैं, उनका मानस शुद्ध होने लगता हैः अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह जो आदमी को तड़पाते रहते हैं, निर्बल होते जाते है। ज्यों–ज्यों वे निर्बल होते हैं, मनुष्य अगाध शांति का अनुभव करता है।

विपश्यना भव–संसरण से मुक्त करने की विधि तो है ही, मस्तिष्क को पवित्र और मन को शांत करने का रास्ता भी है। यह हर व्यक्ति के लिए काभ्य है। विपश्यना की राह पर चलना इस जीवन में सुख से जीने की एक अनन्य विधि है।

lUnHkZ xzUFk

1. विनयपिटक, महावग्ग, 32, मारकथा
2. दीघनिकाय, महापरिनिब्बानसुत्तं,2.3,221
3. धम्मपद, मग्गवगो, 227
4. धम्मपद, सुखवग्गों, 197
5. महापरिनिब्बनसुत्तं
6. धम्मचक्कपवत्तनसुत्तं
7. विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, नासिक
8. विपश्यना पगोडा स्मारिका, ग्लोब्ल विपश्यना फाउंडेशन, मुंबई, संस्करण : 2000

The Buddhist Perspective on Women

Mayuri Dihingia, Ph. D. Research Scholar,
Department of Buddhist Studies, University of Delhi

The research paper is based on the topic Buddhist perspective on women, thereby analysing the Buddhist attitude towards women which emphasis on the status of women in ancient India and the role of Buddhism in recuperating the life of women.

In the ascetical times, men would leave their home, go to the forest and live there. Somehow, the basic idea was, living near women leads to problems, especially for men looking for some kind of spirituality. Women mean hindrance, diversion to one's pious life. Women were simply seen in the context of sensuality which meant pollution of mind and so on. Basically, a sexual conduct would lead to negativity and pollute one's thought process and deeds.

Sensual activity meant pollution and was seen the same way in religious forms of various traditions that included Hindus, Buddhist, Jain, etc. Monks were expected to strictly stay away from women. Celibacy became fundamental in the domain of religion. In Buddhism, sensual activity was one of the highest crimes that monks could commit. All kinds of means were thought to create circumstances where monks could be away from the women. One of the main reasons to leave home was that at home there are woman. The position of women in India was inferior, low. In ancient times in all patriarchal societies the birth of a girl was generally an unwelcome event. Almost everywhere the son was valued more than the daughter.[1]

In early Indian society women were looked upon as being inferior to men and were assigned lower status. They were treated at par with the untouchables and their freedom was restricted. It is observed that during their childhood they are taken care of by their parents, in youth after marriage protected by their husbands and in the old age looked after by sons. Thus, they were dependent, helpless and restricted freedom to walk on their own. In the household where there are co-wives there was conflict and jealousy. And the life of a widow was miserable and was not allowed to remarry and her life was marked by self-mortification. They are restricted in their education, religious and political freedom. They were not allowed to perform religious rites and chances of performing any meritorious deed were limited. Her birth was a burden to the family as she has to be reared by the male members.

On contrary male child were considered to be valuable as they benefited the family by earning and carrying on the family name and traditions. In the *Brahmana* literature

1 *The position of Women in Hindu Civilization*, p.1.

there is one passage observing that while the son is the hope of the family, the daughter is a source of trouble to it.[2]From the *Vedic* time downwards women have been regarded as impure during the time of confinement also.[3]In consistent Altekar states that, [4]"in his early history man is seen excluding woman from religious service almost everywhere because he regarded her as un-clean, mainly on account of her periodical menstruation.... regarded the woman as untouchable during her monthly period....The *Vedic* The Aryans also age assigned this temporary impurity of women to their taking over from Indra one third of the murder, which he incurred when he had killed *Vritra*. During this period, therefore, Hindu society has been regarding women as extremely impure and temporarily untouchable."Thus, from the above references it is seen that the attitude of the early Indian society was not favourable towards women. For instance, in the epics *Ramayana* and *Mahabharata* we observe unsympathetic behaviour towards women. If a woman was unfortunately abducted, raped or sexually harassed it becomes an issue for her acceptance and readmission into her family and society.

At the time of the Buddha's birth in 563 BC was not in a good position as it was in primeval India. Women were assigned to an honourable position in primeval India as mentioned in the Rig Veda as well as in the earliest literature of the Indo-Aryans. There were a few Rig Vedic hymns composed by women and they were highly educated and participated in religious ceremonies and political affairs. In those times she led a life of dignity and her involvement in every domain was observed. Later on, as religion lost its authenticity and became a mere mass of rituals so does the status of women degraded and was secluded from religious activity. The priestly class dominated society and assigned them with menial task, thus, confined to only household activities. Moreover, the in the Code of laws[5] of Manu, women are deprived of her religious rights and prohibited from reading the Vedas. She was deprived of her spiritual life and is that she could not attain salvation by her own merits and could not worship and perform any rite. She can attain salvation only by obeying and rendering service to her husband though he may lack morality. Manu claims that women were sinful and evil. "Neither shame nor decorum, nor honesty, nor timidity" says Manu, "is the cause of a women's chastity, but the want of a suitor alone".[6] He influenced the people of upper class and made an alteration in the attitude of males towards women where women was associated with motherhood and devoted wife.

In this context where patriarchy existed, we examine that the Buddha came out to be a social reformer, who "threw open the doors of organised religious life to women and

2 *Aitareya Brahmana,* ed., 18: *Skha hjiya krpnhi duihijyoithi putr : prme byomi.*
3 *The position of women in Hindu Civilization*, p. 185.
4 *Ibid.* p. 194-195.
5 *Laws of Manu, Sacred Books of the East,* Vol.XXV
6 *Ibid.,* IX, 10.

men alike."[7]Initially, he was reluctant to admit women into the Buddhist order but when Ananda approached on behalf of Mahaprajapati Gautami, his foster mother and aunt, he finally agreed and accepted women in the Buddhist Order on account of his respect to his mother as well as sympathy to women. His reluctance of admission of nuns may be he did not want to go against the conventions of the Indian society and he wondered what would be the reaction of the society if he tries to reform by incorporating women into the religious order who were deprived of any religious life. While admitting women into the order eight rules are imposed upon them.[8]

The attitude of the Buddha was thus sympathetic towards women and his firstly refusal for their entry did not imply his views against women. He may think that the women who is performing her household activities efficiently can get salvation their also by performing them according to the rules laid down for lay devotees.[9]Sholars have mentioned that the series of eight rules set by the Buddha for nuns that were stated to be degrading and insulting ones were actually framed from the point of view of the security of the nuns and for other purpose. The rules made by Him made the nuns dependent and this may be due to that the Buddha had already preached the monks and wanted the monks to do the same which was later misinterpreted that he made the nuns subservient to the monks. And after obtaining knowledge from the monks the nuns no longer have to be dependent and can manage on their own. In regard to the eight rules for women, in 1943, Ms. I.B. Horner, first translator of the Vinaya Pitaka into English(PTS publishing), wrote a book, "*Women in Primitive Buddhism*". According to her, the eight rules (Garudhammas) were not made by the Buddha. It was said that Buddha's mother, Prajapati Gotami was the first Bhikkhuni, and she accepted the eight restrictive rules.

The Buddha was never against women as there are many examples in the Pāli Tipitika where He repeats that gender is of no importance for spiritual paths. Some scholars states that these rules must have been added later as the Buddhist Order changed quickly with Brahmanical inspiration. Some scholars believe that the Buddha could never make a rule like the eight Garudhammas. And Mahāyāna Buddhism is closer to original Buddhism since Brahmanical context attacked more the Hīnayāna tradition. In his time he took a revolutionary stand and in this women enjoyed the right to Arhatship. Thus, he should not be judged by the standards of the twenty-first century. Women had access to education and religious life and were accorded highest position in the Buddhsit Order. In this context the names of prominent nuns like Khema, Patacara and Dhammadinna may be mentioned. And outside the order, women like Sujata, Vishakha, and Samavati all achieved positions of eminence in different spheres.[10]There are also references of women

7 *2500 Years of Buddhism*, p. 3.
8 *Vinaya Pitaka*, Vol II, p. 326.
9 vide *Lalitavistara* , p.15.
10 Anguttara, Etadagga-vagga.

made in the Therigatha, like Subha, Kisa, Gautami, Uppalavanna and Soma who have undergone renunciation and led a pious life to alleviate mundane suffering.

The Buddhist Order is open to all irrespective of caste or creed, gender or race, rich or poor and so on. According to Ambedkar, "no caste, no inequality, no superiority: all are equal. That is the Buddha stood for".[11]In consistent, Rhys Davids has envisaged that Buddhism "ignores completely and absolutely all advantage and disadvantages arising from birth, occupation or social status and sweeps away all barriers and disabilities arising from the arbitrary rules of mere ceremonial or social impurity".[12]Studies have shown that before the entry of Mahaprajapati Gautami into the order there were women lay disciples such as the mother and the former wife of Yasa. Thus women had access to religious activity and played a crucial role in the religious order. They had the right to live a pious and spiritual life and attain salvation by one's own merit. Indeed, they were not dependent and subjugated in the Buddhist community as compared to other faiths like Islam, Hinduism and Christianity.

On the other hand, it is stated in the *Chullavaga*, that the Buddha made negative comments on entry of women as it will curtail the life span of the pure religion and which would have stood for a thousand years will now not last so long, the good law will stand only for five hundred years.[13]Such remarks of the Buddha cannot be hold true as he was courteous and compassionate towards women. Another reason could be that the monks may have misinterpreted while translating and interpreting Buddha's doctrine or done purposely to dominate and control the nuns, being superior over them. As such Buddhism is a religion to alleviate the suffering of human beings both male and female and to bring peace and happiness for them. Buddha aspired for well being of both the men and female and talked about equality and thus, he cannot have negative towards women. Moreover, his attitude towards women was considerate, tolerant and mere enlightened. The Buddha tried to uplift the position of women in his time and during his period women enjoyed more freedom than in any other period. The women were given the right to live and lead a pious religious life and conduct religious activities to which they were refrained from. This proves the Buddha was great social reformer and thus, Buddhism made significant sociological contribution in ancient Indian society by opening its door, both to men and women.

The Bhikkhuni order was established with the admission of Mahaprajapati Gautami which made significant contribution by imparting knowledge among the female laities and enhancing education among them. For instance Theri Sanghamitra, the daughter of Asoka, was the first female missionary who propagated Buddhism in Ceylon and became a famous teacher of the Buddhist doctrine and established a nunnery that is Bhikkhuni

11 *The Buddhism and His* Dharma, p.301.
12 *Dialogues of the Buddha*, p. 78.
13 *Asceticism in Ancient India*, p. 219.

order in Ceylon (Sri Lanka). There are references of several nuns and female disciples in Buddhist texts who have attained salvation. Studies have shown that a prominent female lay disciple named Vishakha served the Buddha and his order and she was a prominent housewife who took keen interest in the development of the church and made lavish donations, for instance, she donated eighteen crores of golden coins to Pubbarama Vihara.[14] Vishakha helped and supported the church and took part in the activities of the church and also instructed the monks. Thus, by allowing the admission of women into the order established a dignified career among women in religious domain. A large number of women such as Dhammadinna, Sukka, Khema, Patachara and Princess Sumona and Chandi became teachers and preachers and helped in spreading Buddhism and educating the female laities. The formation of the Bhikkhuni order had led to spread of education among the women which in turn uplifted their position in society. As we have seen in pre-Buddhist time they were prohibited from religious activities, their freedom curtailed, had no access to education, their life was subjugated and their position lowered in the society but with the development of the Buddhist order that comprised of both monks and nuns transformed the position of women by according them with higher status in society, by educating them in religious and philosophical domain and so on. Women became educated and thus, bold and assertive and able to stand firmly amidst all odds in society and were potential to overcome any challenge and attain salvation.

Studies have shown that during the Buddha's time period there was social reformation where women enjoyed more freedom, great respect, authority and were treated equally with men than ever hitherto accorded them. With the development of the church that grew as an education institution helped in the emancipation of women. Thus, Buddhism raised the social status of women and made them successful in the cultural, educational and spiritual domain. The Therigatha consisting of more than five hundred stanzas or gathas and attributed to seventy one Buddhist Theris reveals the high degree of proficiency attained by women in Buddhism.During the Buddhist epoch women attained enlightenment, there position being raised to a high degree as compared to the pre-Buddhist period.

In the domestic life of patriarchal society it is seen that the desire for male offspring is very strong for performing funeral rites and more importantly for the continuance of the lineage. In Hindu society only a son can carry out the funeral rites of his father and secure future happiness of the deceased. In such a society a sonless wife is replaced by another as it is said "through a son he conquers the world and through a son's son he attains immortality."[15]As a result, the birth of a daughter caused grief and lamentation. But in Buddhism, funeral ceremony is simple and can be performed by both man and woman and future happiness does not depend on funeral rites but on the meritorious

14 *Nidana Katha*, p. 121.
15 *Laws of Manu,* IX, p. 137.

deeds of the deceased. Buddha never made any difference between men and women and treated them equally. For instance, the Buddha's advice to king Pasenadi of Kosala, who lamented in front of the Buddha that his queen, Mallika, had given birth to a daughter "a female offspring, O king, may prove nobler than a male…"[16]which was a revolutionary statement for his time, shows that Buddhism does not consider the birth of a daughter as troublesome and a matter of despair.As such Buddhism does not consider women as inferior to men and treat both the sexes as equals irrespective of the biological and physical differences. Both the sexes have potential and hold same utility in domestic life as well as spiritual life. But pragmatically it is seen that even in Buddhist societies there is a preference of male offspring even today because of patriarchy.

In the context of the institution of marriage and family, in Buddhism marriage is a secular affair not governed by religious sanctions. It is not a sacrament and the monks do not participate in it. In Buddhist communities marriage ceremonies are not of religious nature and simply marked by feasting and merry making. Monks are invited for alms and they in turn bless the couple. In the Sigalovada Sutta, the Buddha had prescribed the duties of a husband and wife: "In five ways should a wife as Western quarter, be ministered to by her husband: by respect, by courtesy, by faithfulness, by handing over authority to her, by providing her with ornaments. In these five ways does the wife minister to by her husband as the Western quarter, love him: her duties are well-performed by hospitality to kin of both, by faithfulness, by watching over the goods he brings and by skill and industry in discharging all business."[17] The Buddha commanded for reciprocity in every relationship whether it be between husband and wife, parent and child, or master and servant, with mutual rights and obligations.

It is seen in some Buddhist countries for example, Burma, Sri Lanka and Thailand that women enjoy good amount of privileges. There monopoly is vested in the family economy, socially, politically and legally. In these countries, it is observed that women are on a par with men to some extent mainly because of the presence of the intense Buddhist ethos. On contrary in the other cultures women are bound by the chains of matrimony, her voice is suppressed by the oppressive dominating male society while a man can shed his shackles easily. In Hindu culture a man had the right to remarry and replace his barren wife or in case of a sonless wife. Even the Muslim allows a man to divorce and remarry without the intervention of the court but a wife cannot divorce without the consent of her husband. On contrary, in Buddhism marriage is not bound by legal code and it can be dissolved by the individuals concerned or their families. Where there was a need for divorce due to incompatibility or other reasons than both can divorce each other by equal division of property. Further in the case of remarriage of widows and divorcees, one observes that in patriarchal society it is not an easy task as women

16 *Women in Early Buddhist Literature*, p. 8-9.
17 *Dialogues of the Buddha*, p. 181-182.

are seen as personal property of their husbands. In Buddhism death is considered as natural and unavoidable. As a consequence, a woman experiences no self-mortification on account of her widowhood. Her social status is not changed and does not suffer any moral degradation as compared to Hindu culture where she has to shave her head, wear white dress, eat plain food and shed off her ornaments. In Buddhism a widow has no religious barrier to her remarriage.[18]Even women who are divorcee are free remarry. The *Lakrajalosirita*, which provides with staunch Buddhist views, permits the remarriage of women after separation from their spouses. Therefore, it may be stated that Buddhism saved women from indignity by giving equal rights and opportunities and alleviating the miseries of widow, divorcee have, thus, raised the position of women. In Buddhist communities, women enjoy more social freedom in comparison to other communities. It is seen in early Buddhist literature that there was free intermingling of the sexes. Though nuns and monks lived in separate quarters, they were not cut off from each other. It is recorded that the Buddha had long conversation with his female disciples. This free and liberal attitude had great impact on the behaviour of both men and women in Buddhist communities.

Moreover, women dressed in best attire while visiting places of worship. For instance, Visakha visited the monastery decked up , accompanied by her maid she rendered service to the monks. Her apparels and accessories received compliments, yet the Buddhist church did not persuade her from wearing them. This is contradicts the law of Manu to whom the love of ornament by women is considered as evil and in Islam, the pious woman should hide all her beauty and ornamentation behind the veil. Buddhist women were not kept under the veil and they enjoyed more freedom and privileges. The secular nature of marriage, the right to remarry, the desegregation of the sexes and the facility to divorce and the right to own, inherit and dispose of property without any interference of the husband have in turn elevated the position of women in Buddhist societies. Buddhism encourages educational opportunities among women and participation in religious activity. Buddhism holds both men and women are capable of attaining Nirvana. Therefore, the Buddha admitted women into the order though he refused in the beginning as he feared it may create problem in the society. The Buddha gave authority to the potential nuns in the order. There were nuns marked by high degree of proficiency and efficiently preached the Dhamma.

In the Lotus sutra it is stated that Buddhahood can be attained by all sentient beings and any discrimination made against others in any way is to discriminate against your own life. The Buddha firmly asserted equality among all in a discriminatory society of his time. He stated that enlightenment can be achieved by all sentient beings laymen and laywomen, monks and nuns. Thus, women can equally attain Buddhahood. The Buddha believed in equality and reciprocal relationship leading to harmony which he mentions in

18 *Women Under Primitive Buddhism*, p.72.

the Siggalovada. He vision was that of a civilized society where all sentient beings lives a dignified life, where everyone has the right to live and live in harmony. Alleviation of suffering and provision of true happiness is the aim of the Buddha and this is possible by the means of equality.

For instance, the dragon girl in the lotus sutra portrays the ability to attain Buddhahood by any gender. Here, the dragon girl was seen as having no chance of ever attaining Buddhahood because she was a woman, was very young, and had the body of an animal, but she was the first to attain Buddhahood in her present form. Her enlightenment is significant in the declaration of human rights in a discriminatory society.

The lotus reveals that a woman has the right to realize the Truth and enjoy ultimate bliss. She has the right and ability to attain Buddhahood. A civilized society can be possible only when women are treated equally with men and women exercise equal rights and duties in life and lives in cooperation and harmony.

Buddhism, a world religion emphasises on equality, liberty and played a significant role in elevating the position of women. In early history of Buddhism, the degree of civilization attained by the Indian society was high and gave equal opportunity to women in the religious and cultural sphere. The Buddha, who was a liberal and democrat laid stress to elevate the position of women as well as that of the lower castes and brought some sort of social revolution in society. The Buddha "gave the *Dharma* to both (men and women)". Under Buddhism, more than ever before, she was an individual in command of her own life until the dissolution of the body and less of a chattal, to be only respected of she lived through and on a men. The old complete dependence in which the will never functioned but to obey, was gradually vanishing. [19]

Buddhism, in short, believed in equality of sexes. The attitude of the Buddhist towards women was therefore mere sympathetic, considerate and helpful. The path to salvation was open to women. The aim of the Buddha is to alleviate suffering of all sentient beings so that they can attain Nirvana. It can be concluded by stating that in the Buddha's time higher position was accorded to women in comparison to the later *Vedic* period.

19 *Women Under Primitive Buddhism*, p.1.

विपश्यना–साधना : मानसिक शान्ति का मूलमंत्र

Mk- nhi;dj ykek] ,lkfl,V izkQslj&lg&v/;{k] frCcrh v/;;u foHkkx]
uo ukyUnk egkfogkj] ukyUnk ¼lefo'fo|ky;½] lLdfr e=ky;] Hkkjr ljdkj

शारीरिक रोगों के साथ–साथ तथागत बुद्ध मनोरोग को भी मानते थे। मन की विशेषताएँ बताते हुए बुद्ध कहते हैं कि बुराई व झूठे मार्ग पर लगा हुआ चित्त मनुष्य को मनोरोगी बना देता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए तथा मानसिक दोषों पर नियन्त्रण करने के लिए विपश्यना करना अत्यावश्यक है। विपश्यना का प्रभाव मन एवं शरीर दोनों पर पड़ता है। मानसिक रोग की उत्पत्ति काम, क्रोध, भय, ईर्ष्या, लोभ, मोह, द्वेष, हर्ष, शोक, चिन्ता आदि मनोविकारों से होती है। ये ही मानसिक दोष कहे जाते हैं।

प्राचीन काल में ऐसी मान्यता थी कि शरीर को तप द्वारा कष्ट देकर विकारों से मुक्ति पाई जा सकती है। इसी को 2600 वर्ष पूर्व लुप्त हो गयी विपश्यना विद्या को ही[1] भगवान बुद्ध ने खोज निकाला था। तथागत सम्यक् सम्बुद्ध स्वयं ही सर्वज्ञ थे और उन्होंने ध्यान एवं विपश्यना का पूर्णतः सृजन किया था।

उनके स्वयं के बुद्धचित्त से ही सद्धम्म बोधिदर्शन तथा ध्यान–साधना, विपश्यना साधना की उत्पति हुई। उन भगवान बुद्ध का चित्त ही सद्धर्म दर्शन तथा ध्यान विपश्यना साधना का स्रोत बन गया। विपश्यना साधना यथार्थ में मन की साधना है जिसके अभ्यास से मन के विकार नष्ट हो जाते हैं और मन (चित्त) स्वस्थ एवं निर्मल हो जाता है। राग–द्वेष–लोभ मन के ही रोग हैं जो विपश्यना विधि से दूर हो जाते हैं। विपश्यी साधक शारीरिक एवं मानसिक रोगों से मुक्त हो जाता है, ऐसा वर्त्तमान समय में ऐसा देखा जा रहा है।

पुरातन काल में भारत को जगत गुरू कहलाने का सौभाग्य प्राप्त था। हमारे काल में सत्य की गंगा भारत से एक बार फिर प्यासे जगत की साक्ष्य प्रभावित होने लगी है। वास्तव में विपश्यना की ध्यान–विधि एक ऐसा सरल एवं कारगर उपाय है, जिससे मन को वास्तविक शांति प्राप्त होती है और एक सुखी, उपयोगी जीवन बिताना सम्भव हो जाता है। विपश्यना के इतिहास में आचार्य सत्य नारायण गोयन्का जी का बड़ा उपकार रहा है, जो अपनी ही अमूल्य विद्या को भारतीयों के कल्याण के लिए म्यांमार से भारत में लाए थे।

विपश्यना हमें इस योग्य बनाती है कि हम अपने भीतर शांति और सामंजस्य का स्वयं अनुभव कर सकें। यह चित्त के साथ–साथ शरीर को भी निर्मल बनाती है। यह चित्त की व्यथा और इसके कारणों को दूर करती जाती है। यदि कोई इसका अभ्यास करता रहे तो कदम–कदम आगे बढ़ता हुआ अपने आपको समस्याओं से पूरी तरह मुक्त करके नितांत विमुक्त अवस्था का साक्षात्कार कर सकता है। अगर समाज में परिवर्तन लाना है तो पहले व्यक्ति स्वयं के मानसिक प्रवृति एवं शारीरिक प्रवृति को बदले। इस तरह का बदलाव सिर्फ उपदेशों एवं किताबी व्याख्यानों से नहीं लाया जा

सकता, बल्कि विपश्यना से, पंचशील के पालन से, मैत्री, करूणा आदि के पालन से मनुष्य को स्वस्थ्य बनाया जा सकता है।

विपश्यना की विधि सभी लोगों के लिए एक समान होता है। इसमें कुल, जाति, धर्म अथवा राष्ट्रीयता से इसे कोई मतलब नहीं होता है। इस प्रकार विपश्यना साधक जल्दी ही यह अनुभव करने लगते हैं कि उनके व्यक्तित्व में निखार आने लगा है।[2]

foi';uk D;k g\

विपश्यना कोई जादू नहीं है या किसी प्रकार की दवा नहीं है जो कि हमारे सिर पर चढ़ कर बोलने लगे। विपश्यना कोई मंत्र विद्या नहीं है जो कि हमें सांप–बिच्छु, भूत–प्रेत की तरह मंत्रमुग्ध रख सके। विपश्यना कोई अंधभक्ति या अंधविश्वास नहीं है, जिससे कि भावोन्माद में हम उन्मत बने रह सकें। विपश्यना भावविभोर होकर हम आत्म–विसंस्कृत बने रह सके। यह कोई चमत्कार नहीं है, जिसकी अलौकिकता से चमत्कृत होकर हम आश्चर्यचकित बने रह सकें।

विपश्यना सत्य की उपासना है, सत्य में जीने का अभ्यास है, यथार्थ क्षण में जीने का अभ्यास है, वह क्षण जिसमें भूत, भविष्य की कोई कल्पना नहीं है। विपश्यना सम्यक् दर्शन है, सम्यक् ज्ञान है, जैसा भी है उसे ठीक वैसा ही उसके सही स्वभाव में देखना समझना यही विपश्यना है।[3]

विपश्यना बुद्ध धम्म की आधारशिला है। विपश्यना द्वारा निर्वाण अर्थात् चित्त की अवस्था जीवन काल में ही प्राप्त की जा सकती है। अर्हत् अवस्था ही निर्वाण का द्योतक है, इस ज्ञान को ही विपश्यना कहते हैं। ये सभी उम्र के लोगों को, सभी तरह के व्यवसाय के लोगों को, सभी बच्चे, महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों, मजदूरों को, कैदियों, नशेड़ी, आतंकवादियों के लिए, राजाओं, नेताओं एवं समस्त प्राणियों के लिए है। अगर संक्षेप में कहें तो विपश्यना पूरे विश्व शांति के लिए लाभदायक है। वह शारीरिक हो, मानसिक हो, आध्यात्मिक हो, ज्ञान की दृष्टि् से विपश्यना अत्यन्त उपयोगी है। बच्चे ही बढ़कर युवक बनते हैं, बचपन भविष्य की नींव होता है, इसलिए बच्चों के अच्छे संस्कार बनाने के लिए विपश्यना अत्यंत ही आवश्यक है। युवा जीवन में अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है। उनका समाधान एवं निराकरण विपश्यना के अभ्यास से ही श्रेष्ठ जीवन जिया जा सकता है। वापसी एवं अधिकारी समाज का आवश्यक अंग होते हैं और इनके व्यवहार का सीधा प्रभाव समाज पर पड़ता है मजदूर और दलित भारतीय समाज के विशाल अंग हैं। विपश्यना के माध्यम से इस अंग को भी बलशाली एवं आदर्श बनाया जा सकता है। कैदियों के लिए विपश्यना बहुत जरूरी होती है, जिससे वे अपराध से दूर हो करके आदर्श जीवन व्यतीत कर सकें। भारतीय समाज में नशाखोरी तेजी से फैल रहा है, जिससे समाज का नैतिक पतन तथा आर्थिक एवं स्वास्थ्य हानि हो रही है। नशाखोरी से मुक्ति दिलाने के लिए भी विपश्यना का अभ्यास करना आवश्यक है।[4]

आज दुनिया में एड्स, कैंसर, लीवर, पेट आदि का रोग तेजी से फैल रहा है, इसपर विपश्यना द्वारा नियंत्रण किया जा सकता है। आजकल दुनिया में आतंकवाद जोरों से फैल रहा है। आतंकवाद को विपश्यना से कम करके समाप्त किया जा सकता है। विधायकों एवं सांसदों के आचरण को नैतिक बनाने में विपश्यना प्रभावकारी भूमिका का निर्वाह कर सकती है। जनता को आदर्श बनाने

के लिए विपश्यना जरूरी होती है। आज विश्व शांति[5] गम्भीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या का समाधान विपश्यना से किया जा सकता है, वहीं विपश्यना सुख और शांति का आधार है। भगवान बुद्ध द्वारा खोजी गई इस विपश्यना जैसी औषधि को प्राप्त करने के बाद तनावमुक्त होकर सुख–शांति की रेखाएं स्पष्टतः दिखाई पड़ती है। विपश्यना वास्तव में सभी प्राणियों के लिए, जगत के लिए कल्याणकारी होता है।

foiLluk vkj u'kk&eqfDr[6]

यद्यपि विपस्सना दुःख मुक्ति की साधना कहलाती है। कोई उसे इस दुःख की मुक्ति की साधना कहता है, तो कोई इसे उस दुःख की मुक्ति की साधना कहता है, तो कोई इसे उस दुःख की मुक्ति की साधना। कोई बीमारी के इलाज स्वरूप इसे करता है तो दूसरा इसे किसी दूसरी बीमारी के लिए 10 दिवसीय शिविर करने के बाद किसी को कोई मानसिक लाभ हो जाता है, तो किसी को कोई शारीरिक लाभ। वास्तव में विपश्यना दुख मुक्ति की साधना न होकर वास्तव में दुःख मुक्ति के मूल की औषधि है। दुःख का मूल कारण राग और द्वेष है जो विपश्यना की मदद से इस मूल से छुटकारा पाकर समता में आ जाता है। वह दुख से नहीं दुखों के मूल से मुक्त हो जाता है। इसलिए यह दुखमूल से छुटकारा पाने की साधना है। नशा भी उन दुखों की सूची में से एक है।

नशीले पदार्थों से शरीर में रासायनिक स्राव होते हैं। जिसके कारण शरीर में एक प्रकार की सुखद संवेदना होती है। नशा या आसक्ति इन्हीं सुखद संवेदनाओं के प्रति होती हैं क्योंकि यह सुखद संवेदना नशीले पदार्थों के प्रयोग करने से पैदा होती है। उन सुखद संवेदनाओं को भोगने के लिए, इनका आनन्द लेने के लिये नशा करने वाला व्यक्ति बार–बार उन पदार्थों को लेता है और उनका आदी हो जाता है। उस पदार्थ का आदी होने पर उसका वही प्रभाव पाने के लिए उस पदार्थ की मात्रा को बढ़ाना पड़ता है। जितनी अधिक मात्रा में वह पदार्थ लेता है, उतना ही अधिक दुष्प्रभाव शरीर पर होने लगता है। इसलिए जब वे विपश्यना शिविर करना चाहते हैं तो उसे एक महीने पहले इन व्यसनों को छोड़ना पड़ता है, तभी उसे शिविर करने की अनुमति मिलती है। इस शिविर को करने के बाद नशे से पैदा होने वाले उस सुखद संवेदना के अनित्य स्वभाव को जान जाते हैं और नशा करने वाला व्यक्ति को शिविर के बाद जानकारी सही और गलत का हो जाता है और वे नशे की लत में दुबारा नहीं पड़ते।

विपश्यना चिकित्सा पद्धति मानसिक बीमारी के लिए ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक उपचार है जिसे ध्यान कहा जाता है। ये ध्यान दो प्रकार के होते हैं– समथ और विपश्यना। विपश्यना सरलतम रूप में उपयोगी एवं प्रभावशाली है जिसको करते समय शरीर एवं मन दोनों के विचलित गति को कम करती है।

1. हृदय की गति कम हो जाती है (The heart rate decreased).
2. रक्तचाप में कमी आती है (Blood pressure decreased).
3. श्वसन धीरे होती है (Respiration slow).
4. चयापचन (Metabolic) में कमी होती है।

5. आक्सीजन की खपत कम होता है (Oxygen consumption decreared).
6. कार्बन डाइऑक्साइड उन्मूलन की कमी होती है।[7]

विपश्यना तकनीकि पद्धति है। विपश्यना दो शब्दों से मिलकर बना है। यहाँ 'वि' का अर्थ है मानसिक एवं शारीरिक के तीन विशेषताओं अनिच्च, दुःख एवं अनन्त को संकेतित करना है। विपश्यना का अर्थ है सम्यक् दृष्टि का साक्षात्कार करना अथवा नाम एवं रूप के तीन विशेषताओं को सम्यक् रूप से देखना। जब व्यक्ति विपश्यना भावना करता है तो उसका उद्देश्य होता है जगत के तीन विशेषताएँ अनिच्च, दुःख और अनत्त को सही ढंग से जानना। इसे जानकर हर दुर्गुणों जैसे– कामभोग, लोभ, इच्छा, तृष्णा, घृणा, द्वेष, ईर्ष्या, आलस्य एवं अकर्मन्यता, दुःख, चिंता एवं पाश्चाताप आदि के रूप में सभी कलंक का विनाश करता है। इनमें सभी दुर्गुणों को समाप्त कर दुःख से मुक्त होने की क्षमता होती है, जब तक इन सभी आश्रवों में से एक भी आश्रव व्यक्ति में रहता है तो निश्चित रूप से विभिन्न प्रकार के दुःखों का अनुभव करता है।

विपश्यना करने के पहले साधकों को पाँच निवरणों के स्वरूप को समझना आवश्यक है। वे मुख्य बाधाएँ हैं जो हमारे मानसिक दृष्टि को छिपा लेते हैं। इनकी उपस्थिति में साधक न तो चित्त को एकाग्र करता है और ना ही ध्यान कर सकता है। ये पाँच निवरण हैं– कामछन्द, व्यापाद, छिन्नमिद, उद्धकचुक एवं विचिकिच्छ।

1. कामछन्द का अर्थ है जल जिसमें अनेक प्रकार के रंग डाले जा सकते हैं।
2. व्यापाद का अर्थ है खौलता हुआ पानी।
3. छिन्नमिद का अर्थ है कोई लगा हुआ पानी।
4. उद्धकचुक का अर्थ है, संदेह जिस व्यक्ति का मन इनसे बाधित है वह अपने प्रतिबिम्ब को नहीं देख सकता, इसलिए साधक को लाभ नहीं मिलता है और न ही दूसरे को हो सकता है दोनों को नहीं हो सकता। इसलिए साधक को ध्यान करते समय इन सभी मानसिक व्याधियों को दूर करने का स्मरण होना चाहिए।

lnHkZ xzFk&lwph&

1. विपश्यना : लोकमत, भाग, विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, पृ.– 15।
2. विपश्यना साधना एक परिचय, विपश्यना विश्व विद्यापीठ, धम्मगिरि, इगतपुरी– 422403, जि. नासिक, महाराष्ट्र।
3. गोयन्का, सत्यनारायण, धर्म जीवन जीने की कला, विपश्यना विशोधन विन्यास, धम्मगिरि, इगतपुरी, पृ.– 52।
4. सिंह, डा. लाल, सुख और शांति का आधार विपश्यना, सम्पादक, प्रकाशन नई दिल्ली 2009–पृ–8.
5. वही।
6. वही।
7. 143, Carbon Dioxide Elimeration Decrearcd.
8. 146, Manual of Buddhist Term, p. — 129.

अर्थ परिवर्तन का घृण्य–सिद्धांत

Mk0 ¼fHk{k½ iKkiky] 'kks/k lgk;d] ikfy fgUnh “kCndk'k] uo ukyUnk egkfogkj] ukyUnk

अर्थहीन शब्द निरर्थक होते हैं। सार्थक शब्दों के अर्थ परिवर्तनशील होते हैं। भाषा-प्रवाह में इस परिवर्तन को कुछ लोग विकार और कुछ लोग विकास भी कहते हैं। शब्दों के अर्थ में होने वाले परिवर्तन का विवेचन भारत के प्राचीन मनीषियों ने अभिधा, लक्षणा और व्यंजना द्वारा पर्याप्त रूप में किया है। व्याकरण शब्दों और अर्थों को बहुत दिनों तक बिना परिवर्तन जीवित रखता है।[1] व्याकरण शब्दों को निश्चित आकार में बांधकर रखता है, तो भाषा-विज्ञान इन शब्दों के प्रवाह की निरन्तरता को कालानुक्रम अध्ययन करता है। बोलियों में शब्द और अर्थ परस्पर सम्पृक्त रहते हैं। शब्दों से अर्थ की अभिव्यक्ति का वैज्ञानिक विवेचन अर्थविज्ञान है। आधुनिक युग में अर्थविज्ञान भाषा विज्ञान की एक स्वतंत्र विधा के रूप में स्थापित हो गयी है। अर्थ परिवर्तन के कारणों का पाश्चात्य विद्वानों ने अनेक रूपों से अध्ययन किया है। ब्रील[2] महोदय ने अर्थ में होने वाले परिवर्तन की निम्नलिखित तीन दिशाए¡ प्रतिपादित की है –

1- vFkZfoLrkj **(Expansion of meaning)**
2- vFkZladpu **(Contraction of meaning)**
3- vFkZn'kZu **(Transference of meaning)**

संक्षेप में अर्थविस्तार से यह ज्ञात होता है कि कभी कोई अर्थ कम पदार्थों की अपेक्षा अधिक पदार्थों का बोध कराने लगता है। अर्थसंकोच के कारण पहले की अपेक्षा उससे कम पदार्थों की प्रतीति कराता है तथा अर्थादेश के अन्तर्गत प्रचलित अर्थ के स्थान पर सर्वथा भिन्न अर्थ का सम्पादन करता है।

शब्द का अर्थ-तत्त्व एक मानसिक प्रक्रिया है। इसमें परिवर्तन का सम्बन्ध मानव मन से है। अतएव अर्थ परिवर्तन का कारण मानसिक है। मन का विषय धर्म है। धर्म आस्तिक और नास्तिक दो रूपों में गृहीत है। धर्म के इन दोनों रूपों में श्रद्धा का अभाव होने पर घृणा का भाव प्रस्फुटित होता है। आपसी तर्को-कुतर्को से शब्दों के अर्थ परिवर्तित हो जाते हैं। अर्थ परिवर्तन के इन मनोवैज्ञानिक कारणों में घृण्य-सिद्धान्त (ओडियम थियोलॉजिकम) मन को अतिसक्रियता के साथ प्रभावित करता है, जिसके माध्यम से धर्माचार्यो के बीच एक दूसरे की त्रुटियों के लिए घृणा के कारण शब्दों के अर्थ में परिवर्तन दिखाई पड़ते हैं। ऐसे शब्दों का सम्बन्ध धार्मिक वाद-प्रतिवाद से होता है। तथार्थ घृण्य-सिद्धान्त अर्थ परिवर्तन का वह सिद्धान्त है, जिसमें शब्दों का अर्थ धार्मिक आचार्यों को स्व-सिद्धान्तों की स्थापना एवं पर-सिद्धान्तों को निम्न-स्तरीय बतलाने के लिए किया जाता है। कालान्तर में इस परिवर्तन का मूल ढूढ़ पाना मुश्किल हो जाता है पर बची हुई सांस्कृतिक अवशेषों से इसे समझा जा सकता है। यहाँ कुछ शब्दों का अध्ययन निवेदित है, जिन शब्दों के अर्थ परिवर्तन एक निश्चित धर्म

को नीचा दिखलाने और उनके अनुयायियों के बीच घृणा पैदा करने तथा अपनी धार्मिक व्याख्याओं को स्थापित करने के लिए अर्थ बदले गये हैं। ऐसे कुछ शब्द विद्वानों के बीच प्रस्तुत हैं –

1- nokukfi; & व्याकरण में दिये गये उदाहरण और व्याख्या के आधार पर प्राचीन अभिधान ग्रन्थों में देवानांप्रिय का अर्थ मूर्ख किया गया है। अभिधान चिंतामणि में मूर्ख के पर्यायवाची शब्द के रूप में देवानांप्रिय का प्रयोग दृष्टिगत है–

''वालिशःमूढो मन्दो ...देवानाम्प्रिय जाल्मौ।''[3] हेमचन्द्र ने इस अर्थ को कात्यायन की व्याख्या से गृहीत किया है। पाणिनि ने एक सूत्र में लिखा है कि षष्टया आक्रोशे[4] अर्थात् आक्रोश अथवा घृणा प्रकट करने में षष्टी विभक्ति का लोप नहीं होता है। इसके समर्थन में चोरस्सकुलं, और राजकुलं जैसे शब्द दिये गये हैं। कात्यायन ने अलुक समास के उदाहरण में लिखा है कि ''देवानांप्रिये इति च मूर्खे'' अर्थात् देवानांप्रिय का अर्थ मूर्ख है। (वार्तिक 3900) महाभाष्यकार पतंजलि ने इस सूत्र की व्याख्या में एक कथा उद्धृत किया है[5] और कहा–''प्राप्तिज्ञो देवानांप्रिय न तु इष्टिशः।'' कैयट ने लिखा है – ''देव शब्दो मूर्खवाची। मूर्खाणां च प्रिया मूर्खा एव भवन्ति अथवा सुखासक्ततया शास्त्रे अनभियोगः अनेन प्रतिपाद्यते।''[6]

अपनी सिद्धान्त कौमुदी में भट्टो जी दीक्षित ने लिखा है कि अन्यत्र देवप्रियः जिसका तात्पर्य है कि देवानांप्रिय ¼अलुक समास½ मूर्ख अर्थ में होता है, परन्तु इससे भिन्न अच्छे अर्थ में षष्टीतत्पुरूष समास देवप्रिय हो जाता है। इस सूत्र की व्याख्या करते हुए वासुदेव दीक्षित ने कहा –''देवानामिति–वार्तिकममिदम् मूर्खः अज्ञः। दिवु क्रीडायाम देवा क्रीडासताः मूर्खाः तेषां प्रियोऽपि मूर्ख एव, मूर्ख प्रियस्यावश्यं मूर्खत्वादिति अजेर्वी इत्यत्र कैयट।''[7]

व्याकरण की इन पंक्तियों के आधार पर देवानांप्रिय का प्रयोग मूर्ख अर्थ में होता रहा। अशोक के शिलालेखों की उद्भावना के बाद मूर्ख अर्थ पर संदेह होने लगा। शिलालेखों का प्रथम पाठन जेम्स प्रिसेप द्वारा 1834–35 में किया गया। इसके बाद हुल्स ने शिलालेखों की भाषा का विस्तृत व्याकरण प्रस्तुत किया। अशोक के पश्चिमी शिलालेखों में देवानांप्रिय और पूर्वी शिलालेखों में देवनंप्रिय पाठ मिला। इन विद्वानों को देवानांप्रिय और देवानंप्रिय का अंग्रेजी या हिन्दी अनुवाद के लिए मूर्ख अर्थ असंगत पूर्ण लगा। इसलिए पाद टिप्पणी में स्पष्ट लिखा कि अवश्य ही देवानांप्रिय अशोक के लिए बुरे अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है यद्यपि कि यह शब्द अशोक के लिए ही आया है। शिलालेखों में देवानांप्रिय का मूर्ख अर्थ ग्राह्य नहीं हुआ। यथार्थ में इसका सही अर्थ देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा अशोक किया गया। अब देवानांप्रिय शब्द के अर्थ परिवर्तन के कारणों के मूल तक जाना आवश्यक प्रतीत होता है। ऐसे शब्दों के अर्थ परिवर्तन में अर्थ परिवर्तन का एक जीवन्त-सिद्धान्त सुरक्षित है और इसके उदाहरण अनेक कोश ग्रन्थों में उपलब्ध हैं, जिसके अर्थ परिवर्तन का कारण घृण्य-सिद्धान्त (ओडियम थियोलॉजिकम) ही है। अशोक एक धार्मिक राजा था। वह बौद्ध धर्म के अनुकूल अपना शासन चलाता था। पाणिनि का समय अशोक के तीन सौ वर्ष पहले विद्वानों ने निर्धारित किया है।

पाणिनि अपने व्याकरण ग्रन्थों में देवानांप्रिय का मूर्ख अर्थ में प्रयोग नहीं किया है। पाणिनी के व्याकरण ग्रन्थ अष्टध्यायी पर पतंजलि ने महाभाष्य लिखा। उस समय तक देवानांप्रिय सम्राट अशोक के लिए सम्मान पूर्वक अभिधान था। खुद पतंजलि ने अपने महाभाष्य में इस शब्द का भवत्, युष्मत के साथ एक वर्ग में रखा है, जो आदर और सम्मान पूर्वक है।

इसी समय पुष्यमित्र एक सैनिक कारवाई के तहत मौर्यवंश के अंतिम राजा वृहद्रथ की हत्या कर शुंगवंश की स्थापना की। पतंजलि पुष्यमित्र शुंग का राजपुरोहित था। अशोक की तरह पुष्यमित्र शुंग भी अपने शासन का विस्तार धार्मिक आधार पर करना चाहता था। इसलिए उसने अश्वमेघ यज्ञ करवाया, संस्कृत को पुनर्स्थापित किया। उस समय भी समाज में एक बड़ा वर्ग श्रमण धर्मावलम्बियों का था। श्रमण धर्म के अन्तर्गत जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। उसे समूल समाप्त करने के लिए पुष्यमित्र ने घोषणा करवाई –''जो हमें एक श्रमण का सिर देगा उसे मैं सौ सोने का सिक्का दूँगा।''[8] इस प्रकार श्रमणों के साथ ब्राह्मणों का विरोध स्पष्ट था। शुंग शासन के पहले भी पाणिनि ने इस विरोध का वर्णन अपने अष्टध्यायी में किया है। उसने गो-व्याघ्र अहि-नकुल जैसे द्वन्द्व समासों के साथ श्रमण-ब्राह्मण का उदाहरण देकर दोनों के जन्मजात विरोध को स्वीकार किया है।[9]

शुंगवंश की स्थापना के साथ बौद्धों के प्रति घृणा का भाव बढ़ता गया। बौद्धों को अनेक प्रयत्नों और प्रलोभनों के बाद भी उन्हें अपने धर्म से डिगा नहीं पाने के कारण उनको मूर्ख कह कर अभिहित किया जाने लगा। कैयट ने देवानांप्रिय की व्याख्या करते हुए देव शब्द को मूर्खवाची कहा और मूर्खाणांप्रिया मूर्खा भवन्ति वाक्य के द्वारा पूर्णरूपेन देवानांप्रिय का अर्थ मूर्ख बना दिया। उस समय तक अशोक को चण्डाशोक के रूप में स्थापित कर दिया गया था। अशोक को अपने निनानवे भाईयों का हत्यारा बना दिया गया था। सम्पूर्ण बौद्ध साहित्य समाप्त कर दिये गये थे। अशोक द्वारा स्थपित 84,000 धर्म स्तूपों और उनके द्वारा लिखवाये शिलालेखों को नष्ट कर दिया गया था।

इस प्रकार देवानांप्रिय शब्द का अर्थ परिवर्तन का कारण बौद्धो के प्रति ब्राह्मणों का घृणा का भाव था, जो ऑडियम थियोलाजिकम सिद्धान्त ही कहा जायगा।

2- vlj & आज असुर का अर्थ जो सुर नहीं है अर्थात् राक्षस है। यहाँ सुर देवता वाची है और ''अ'' निषेधार्थक है। असुर सुर का विपरीतार्थक है। असुर और सुर का परस्पर विरोधी अर्थ जिन्दा अवेस्ता में मिलता है। फारसी में सुर को ही राक्षस कहते हैं, संस्कृत में असुर को। पुरा वैदिक साहित्य में असुर शब्द देवता वाची है। असुर शब्द की व्युत्पUk अहुर शब्द से हुई है। अहुर पारसी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ देवता है। आर्यो का मूल-स्थान भारत से बाहर था। सम्भवतः उनका मूल-स्थान सिरिया-ईरान के किसी भाग में रहा होगा। यहाँ इस विवाद में जाने की आवश्यकता नहीं है। यहाँ इतना ही समझना है कि तुलनात्मक अध्ययन से मालूम होता है कि वेद और अवेस्ता के मानने वाले अपनी भाषा और धर्म में एक दूसरे के बहुत नजदीक

थे। असुर शब्द ईरानियों के प्रधान देवता अहुर मजदा के लिए प्रयुक्त होता था। इसलिए वेदो में असुर शब्द का प्रयोग देवता अर्थ में ही मिलता है। शताब्दियों तक असुर शब्द का प्राचीन प्रयोग देवता अर्थ में होता रहा। ऋग्वेद में असुर शब्द का प्रयोग कई बार हुआ है, जहाँ अच्छे अर्थ का ही भाव है।[10] आर्य भोगवादी और ऐश्वर्यवादी थे। आर्य जातियां बर्बर और लुटेरा थी। भारत आगमन के समय ऐसे असुर ¼देवता½ के प्रति मूल भारतीय लोगों के मन में घृणा का भाव होना स्वाभाविक था। इसलिए असुर अर्थात् देवता शब्द से सम्बोधित लोगों को अच्छा व्यक्ति नहीं समझा जाने लगा। इस समय असुर आर्य जातियों के लिए प्रयुक्त शब्द था। अनार्य इसे स्वीकार नहीं कर रहे थे। अनार्यो के नजर में असुर लोग बुरे थे इसलिए धीरे-धीरे असुर का अर्थ बुरा हो गया। इस बुरा अर्थ का प्रतिपादक अनार्य जातियाँ थी। अर्थ परिवर्तन का कारण ओडियम थियोलॉजिकम था। आर्यो के प्रति अनार्यो का घृणा का कारण यह था कि ये असुर (अहुर = देवता) ही मोहन-जोदड़ो, हड़प्पा, चनहुदड़ो जैसे भारतीय भू-भाग में पूर्णतः विकसित नागरिक सभ्यताओं को नष्ट कर अपना आधिपत्य स्थापित किये, इसलिए ये असुर अच्छे नहीं, बुरे थे। देवता नहीं राक्षस थे। धीरे-धीरे असुर का अर्थ राक्षस हो गया। आगे चलकर आर्य और अनार्य जातियाँ एक साथ रहने लगे, तब आर्यो के लिए प्रयुक्त बुरे अर्थ वाला सम्बोधन अनार्यो के लिए आर्यो द्वारा किया जाने लगा। इस अर्थ परिवर्तन का काल सैन्ध व सभ्यता का प्रारम्भिक काल रहा होगा, जब आर्य और अनार्य एक साथ नहीं रहते थे। एक दूसरे के घोर विरोधी थे। आगे चलकर नन्दवंश और मौर्यवंश अनार्य जातियों के वर्चस्व वाला शासन रहा। शुंगकाल में यज्ञ विरोधी होने के कारण अवैदिक (श्रमण–बौद्ध और जैन)असुर कहे जाने लगे और राक्षस का पर्यायवाची हो गया। इस समय आर्येतर अर्थात् अवैदिक कमजोर हो चुके थे और मिलजुल कर साथ-साथ रहने लगे थे, पर दोनों की सांस्कृतिक और सामाजिक परम्पराएँ अलग-अलग अपना अस्तित्व बनाये थीं। आर्य यज्ञ करते थे और अनार्य योग करते थे। असुर शब्द का अर्थ परिवर्तन में ओडियम थियोलॉजिकम का पता तब चलता है जब असुर का अर्थ यज्ञ-विध्वंसक के रूप में होने लगा। रामायण में रावण के सहयोगी मारीचि, सुबाहु, ताड़का आदि को यज्ञ-विध्वंसक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वहाँ यज्ञ में विघ्न डालने वाले समस्त राक्षसों का नाश कर श्रीराम उसी प्रकार सम्मानित हुए जैसे पूर्वकाल में देवराज इन्द्र असुरों पर विजय पाकर महर्षियों द्वारा पूजित हुए थे।[12]

भारत के सुदूर जंगली प्रदेशों में रहने वाले अनेक जातियों में असुर जाति आज भी अपना अस्तित्व बनाये हुए हैं। ये अपने को मूलवासी कहते है और श्रवण परम्परा के पोषक भी। इन जातियों को असुर नाम वैदिकों द्वारा दिया हुआ प्रतीत होता है। सम्भवतः उस समय तक असुर शब्द दैत्य, राक्षस, म्लेक्ष अर्थ में प्रयुक्त होने लगा था।

असुर का एक अर्थ विश्वकोश में असु+र के द्वारा किया गया है। 'असु' का अर्थ प्राण (वायु) है। ''र'' का अर्थ रमन करने वाला। इस प्रकार प्राणों में रमण करने वाला असुर है। अथर्ववेद में कहा गया है –''स्वप्नं मिमानो असुरस्स यौनो।''[13] यहाँ प्राणों में रमन करने वाला विषय विलासी अर्थ किया गया है। इसी प्रकार असुरास्त्वा न्यरनन्[14] अर्थात् प्राणविद्या का ज्ञाता।

निघण्टु में प्रज्ञा अर्थ में असु शब्द का प्रयोग है। अतः असुर का अर्थ प्रज्ञावान भी है। तात्पर्य असुर का बुरे अर्थ में प्रयोग का सम्बन्ध प्राणवायु (प्राणयाम–आनापानसत्ति) का निरन्तर अभ्यास करते रहने वाला सैन्धव प्रदेश वासी योगियों से है। उत्खनन में प्राप्त सामग्रियों से स्पष्ट हो गया है कि सैन्धव वासी योग विद्या के पारंगत योगी थी। यज्ञ करने वाले वैदिक, योग करने वाले श्रमणों को बुरे दृष्टि से देखते थे और घृणा करते थे। इस घृणा भाव से असु+र का अर्थ राक्षस हो गया। यह अर्थ अति प्राचीन है, जब आर्यो का प्रवेश भारत में हुआ था। उस समय असुर का तात्पर्य प्राणायाम जैसे योग-विद्या के पारंगत योगी से था। श्रमण अर्थ से इसकी समानता भी दृष्टव्य है। श्रमण शम् धातु से बना है जिसका अर्थ योग तथा तपस्या है।

असुर शब्द का अर्थ कम से कम दो बार अवश्य परिवर्तित हुआ है। प्रथमतः, आर्यों के देवता वाची अर्थ को अनार्यों या अवैदिकों के द्वारा बुरे अर्थ में प्रयुक्त किया गया। द्वितियतः प्राण ायाम का अभ्यासी होने के कारण असु+र के आधार पर श्रमणों के लिए प्राणों में रमण करने वाला विषय विलासी पुरूष किया गया है। श्रमण को विषय-विलासी बतलाना भी ओडियम थियोलॉजिकम है। असुर और सुर का परस्पर विरोधी अर्थ जिन्दा अवेस्ता में मिलता है। फारसी में सुर को ही राक्षस और संस्कृत में असुर को। इस अध्ययन से यह निष्कर्ष की सम्भावना है कि अर्थ परिवर्तन में घृण्य-सिद्धान्त (ओडियम थियोलॉजिकम) भी प्रभावी है।

3- Je.k & सामान्य तौर पर श्रमण का अर्थ सन्यासी समझा जाता है। बौद्ध एवं जैन साहित्य में श्रमण का अर्थ बौद्ध एवं जैन सन्यासियों के लिए प्रयुक्त हुआ है। इन अर्थों के अतिरिक्त श्रमण का अर्थ नीच, घृणित और अपकृष्ट भी प्राप्त है।[15] इन दोनों अर्थों में श्रमण का विरोध ाभासी स्वरूप है, जो भाषा वैज्ञानिकों के लिए अन्वेषण का विषय है। श्रमण शब्द के अर्थ परिवर्तन में अर्थ परिवर्तन के घृण्य-सिद्धान्त का प्रभाव दृष्टिगत होता है।

श्रमण भारत के मूलवासी थे और योगविद्या के पारंगत थे। इसके विपरीत ब्राह्मण या वैदिक भारत के बाहर के थे और यज्ञ परायण थे। आर्यों के भारत आगमन के समय भारत में यति, मुनि और योगियों का तप या साधना परायण एक वर्ग था, जिसे श्रमण कहते थे।[16] उधर आर्यों के साथ ऋषियों का एक वर्ग था, जो वेदज्ञ थे और वैदिक कर्मकाण्ड के ज्ञाता थे। वहाँ भी श्रमण का अर्थ बौद्ध एवं जैन सन्यासियों से है। श्रमण की व्युत्पत्ति शम धातु से हुआ है, जिसका अर्थ तप या साधना करना है। तपस्वी और साधक होने के कारण जैन और बौद्ध सन्यासियों के लिए श्रमण शब्द रूढ़ हो गया। ऋक्संहिता से ज्ञात होता है कि निवृत्ति परक क्लेश लक्षण तप ऋक्संहिता के सुविदित जीवन दर्शन के विरूद्ध था तथा योग जन्य सिद्धियाँ उनकी अपरिचित थी अतएव यह स्वाभाविक था कि श्रमणों का आचरण वैदिक ऋषियों को विचित्र प्रतीत होता था। शायद इन्हीं कारणों से उनलोगों ने श्रमण को नीच, घृणित और अपकृष्ट कहा जो संस्कृत शब्द कोशों में उपलब्ध है। जैन और बौद्ध साहित्य में श्रमणों के विषय में अधिक सामग्री प्राप्त होती है और इसमें संदेह नहीं रहता कि ब्राह्मण और श्रमण परस्पर विभक्त और विरोधी थे। दोनों सन्यासी थे, पर दोनों का आपसी विरोध था। उस पारस्परिक विरोध

का कारण यज्ञ और योग था। श्रमण योग कर के निर्वाण प्राप्त करना चाहते थे और ब्राह्मण यज्ञ कर के स्वर्ग की प्राप्ति करना चाहते थे। इस प्रकार के विरोध का भाव पाणिनि के सूत्रों की व्याख्या करते हुए पंतजलि ने अष्टध्यायी में व्यक्त किया है –''येषां च विरोधः शाश्वतिकः इत्यस्यावकाशः श्रमणब्राह्मणम्।''[17] पतंजलि ने श्रमण को ब्राह्मण का उल्टा माना है और दोनों में कभी न मिटने वाला वैर बताया है। पुष्यमित्र शुंग काल में वैदिक संस्कृत को संस्कारित किया गया, उसी समय श्रमण का अर्थ नीच, घृणित और अपकृष्ट किया गया प्रतीत होता है। इस अर्थ परिवर्तन का कारण घृण्य-सिद्धान्त या ओडियम थियोलॉजिकम है।

lUnHk lwph %

1. जर्नल ऑव द गंगानाथ झा रिसर्च इस्टीच्यूट, जिल्द–5, भाग–1, नवम्बर 1947 द डॉक्ट्रिन ऑव स्फोट, लेखक–के0ए0 सुब्रमनिया अय्यर पृ0– 123
2. ब्रील मिसेल, सेमॉन्टिक्स, डॉवर पब्लिकेशन आई0 एन0 सी0 न्यूयार्क, 1964
3. हेमचन्द्र, अभिधान चिन्तामणि, 5/15–16
4. पाणिनि, अष्टध्यायी, 6.3.21
5. पतंजलि, महाभाष्य, 2.4.56
6. भट्टो जी दीक्षित कृत वैयाकरण सिद्धान्त कौमुदी के पृ0–173 पर फूटनोट में उद्धृ, चौखम्भा सूरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
7. वैयाकरण सिद्धान्त कौमुदी, वासुदेव दीक्षित की व्याख्या, चौखम्भा सूरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृ0 173
8. यो मे एक श्रमणशिरो दास्यामि तस्याहं दिनारशतं दास्यामि, दिव्यावदान, क्रैम्ब्रिज युनिवर्सिटी प्रेस, 1986, पृष्ठ - 434
9. येषां च विरोधः शाश्वतिकः इत्यस्यावकाशः श्रमण ब्राह्मणम् – पतंजलि महाभाष्य–2.4.9,
10. तमुत्वा नूनम् असुरं प्रचेतसम्, ऋग्वेद, 8.90.6
11. संस्कृत हिन्दी शब्दकोश, वामन शिवराम आप्टे,
12. स हन्त्वा राक्षसान् सर्वान् यज्ञध्नान् रघुनन्दनः ऋषिभिः पूजितस्तत्र यथेन्द्रो विजये पुरा। वाल्मीकि रामायण 1/24
13. अथर्ववेद – 19.56.1
14. अथर्ववेद – 6.109.3
15. वामन शिवराम आप्टे – संस्कृत हिन्दी शब्दकोश,
16. जैन साहित्य का वृहद् इतिहास, भूमिका भाग पृ0-20
17. महाभाष्य – 2.4.9. (वासुदेव शरण अग्रवाल कृत पाणिनिकालीन भारतवर्ष में उद्धृ पृ0 371) चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, 1996

egkdLl iRFkjxkFkk

^^u x.kq ijD[krk pj] foeuk gkfr lekf/k nqYYHkkA ukuk tulaxgk n[kk] bfr fnLoku x.k u jkp;AA**

''समूह के साथ विचरण न करें, उससे मन असुन्तुष्ट हो जाता है और समाधि दुर्लभ हो जाती है। अने प्रकार के लोगों की संगति दुःखदायी होती है। इस देख कर समूह की इच्छा न करें।''

Bhikkhuni in Theravada Buddhism

Phramaha Sunthorn Natasaeng, Ph.D. in Buddhist Studies, University of Delhi

Introduction

The name bhikkhuni refers to a fully ordained Buddhist nun. A woman who has taken higher ordination (upasampada) in the Buddhist monastic community. A bhikkhuni lives near the Sangha (a monastic community), learns and practices the Buddha's teaching and listens to Dhamma talks every 15 days. When the Buddha first started to teach, it was only men. His step-mother came and wanted to learn the teachings. She became the first nuns of Buddha. The origin of the *Bhikkhuni Sangha* is documented in the *Paali* canon.[1] The intent of these research is to describe Bhikkhuni in Theravada Buddhism and study of Bhikkhuni's Vinaya. We shall explore and discuss the purpose of vinaya for monastic, and the number of vinaya that apply to the various categories of offenses.

Gender

According to the Buddha's version of the origin of the human race, male and female characters emerged as a result of continuous decay of the physical world, i.e., they do not belong to the true nature of what we are. Since gender is only the external appearance of our true nature, women are enabled with an equal ability to attain the highest enlightenment.[2]

yassaetâdisamyânam ittiyâpurisassava
saveetenayânena nibbanassevasantiketi.

This is the only vehicle. Be it a woman or be it a man. The one, who takes this vehicle, can reach the peace of Nibbâna.[3]

Some people think too much about sex. Sex is no different than any other thing in the physical world. This act or that act is not good or bad, but how and why the act is conducted gives it meaning. It is not the act or action but the intent.We are all born of a mother and a father, so we are half male and half female. We are not one or the other. Culture makes these differences of male and female, not the teaching of the Buddha.

Pajapati the First Bhikkhuni

Pajapati Gotami was the Buddha's foster mother as well as his maternal aunt. When Queen Maha Maya died on the 7th day of the birth of Prince Siddattha her younger sister

1 *Cullavagga*, part 2, Buddha Jayanti Tripitaka Granthamala (BJE), (Colombo: Janarajaya, 3977), p. 472.
2 Quoted by I.B. Horner in *Women in Early Buddhist Literature,* The Wheel Publication, No. 30 (Colombo 1961). pp. 8-9.
3 SamyuttaNikaya. 1.5.6.

from that day became the queen and foster mother of the prince. The commentator gives further details of her past experiences that in one of her past lives she was born in a clansman's family in Hangsavati.[4]

Obviously, Pajapati is the first bhikkhuni nun. After the Buddha had cremated his father, King Suddhodana, he stayed at Kapilavattu city. One day Maha Pajapati Gotami, his foster mother, went to see him. She paid her respects to him, sat one side and said, "Lord Buddha, would you please give women the opportunity to be ordained in your Dhamma and Vinaya." The Buddha said to her, "Gotami, please do not be delighted with that, it is very hard to live a monastic life in the Dhamma and Vinaya." She implored the Buddha in a similar way three times, but got the same answer. She was very sad and left in tears.[5] After a while the Buddha left Kapilavattu city, and went to Vesali city. There he stayed at Kutagarasala in the forest. At that time, Maha Pajapati Gotami with many other women, shaved their heads and donned the patched-up robes of Buddha's monastic followers. They left the city and set out to find the Buddha. There Ananda saw her and asked her, after she replied to him, then Ananda said to her, "please wait for me here for a while, I am going to beg the Buddha on your behalf."

After he had said that, he went to see the Buddha, paid respect to him, sat on one side and asked him to allow women to be ordained, but he got the same answer. He then asked, "Lord Buddha, can women attain enlightenment?" The Buddha said to him, "Ananda, yes of course they can." He said, "If they can, why don't you allow them to join the Sangha? Then the Buddha said to Ananda, "Ananda, if Maha PajapatiGotami can accept the eight Garudhammas, the rules of training for a Bhikkhuni, then I will allow her to take ordination. The eight Garudhammas are;[6]

1. A female monk should pay respect to a monk and should learn and practisedhamma through life.
2. A female monk should reside in where there is a monk, learn and practisedhamma through life.
3. A female monk should listen to dhamma from a monk twice a month and should learn and practisedhamma through life.
4. A female monk should take vow from two sanghas, male and female Sanghas and should learn and practisedhamma through life.
5. When a female monk happens or intends to break the serious precepts, she should say sorry to two Sanghas and then behave or discipline herself and should learn and

4 Mrs. Rhys Davids. 1964.*"Psalms of the Sisters," Psalms of the Early Buddhists*. London: Pali text Soxiety. pp.87-88.

5 The Buddha wanted to make this occasion important and so all women would think, "To get permission to go forth into the holy life is truly very difficult; thus we shall maintain it with care and respect." (Vi. A. 3/448)

6 Horner, I. B. 1992. *The Book of the Discipline = (Vinaya-Pitaka)*. London: Pali Text Society, 1992.p.354

practisedhamma through life.

6. A female monk has to find two teachers in two Sanghas and learn from them for two years as a female novice monk before becoming a female monk and should learn and practisedhamma through life.
7. A female monk should not blame a monk at all, speak only word of wisdom, and should learn and practisedhamma through life.
8. Since having become a female monk, she should be teachable to a teacher and should learn and practisedhamma through life.

Ananda learned those eight dhammas, and went to tell Maha Pajapati Gotami what the Buddha had said. She was delighted and said to Ananda, "Venerable Ananda, I accept the eight garudhammas and I will keep them with all my life." When Ananda heard that, he went back to report to the Buddha. The Buddha said to Ananda, since she has accepted these eight dhammas, she is a Bhikkhuni in the Buddhist tradition. She became a Bhikkhuni by accepting the eight garudhammas which Ananda had brought her.

The Vinaya's Bhikkhuni

In the Buddha's time, Buddhism was usually called, "Dhamma-Vinaya" (the Doctrine and the Discipline). This means that the Dhamma-Vinaya is another name, actually the original name, for Buddhism.[7]Dhamma-Vinaya was the Buddha's own name for the religion he founded. Dhamma the truth is what he discovered and pointed out as advice for all who want to gain release from suffering.[8]According to Theravada Buddhism,the vinaya's bhikkhuni consists of 348 rules. Below is a chart of the monastic rules for the bhikkhuni.

Name	**Contained**
Pārājikādharmas	8
Sanghavasesādharmas	17
Nihsargiya-pācittiyadharmas	30
Pājitiyadharmas	166
Pratidesanīyādharmas	8
Saiksadharmas	75
Adhikarana-samathadharmas	7
Total	311

In Theravada, monks follow two hundred twenty seven (227) precepts and nuns follow three hundred eleven (311) precepts. This difference often leads to misunderstandings

7 Ven. Prayudh Payutto. *A lecture delivered in January 2529/1986 at the Fourth International Congress of the World Buddhist Sangha Council, held at Buddha's Light Vihara, Bangkok.*

8 DeGraff, Geoffrey. 2007.*The Buddhist Monastic Code I: The Pātimokkha Training Rules*. Valley Center, CA: Metta Forest Monastery. p.1

and the presumption that the Buddha did not want women to join the Order because he set up rules to fence off women right from the start. In reality monks and nuns follow similar sets of rules. As the Buddha explained to the Venerable Sariputta, the teachings of some former Buddha's lasted longer than others because they established more Vinayas and related major and minor rules for different occasions, which would become necessary when the order grew.[9]

The purpose of Vinaya

The Buddha did not set out a code of rules all at once. Instead, he formulated rules one at a time in response to events.[10]Because many monks came from difference classes[11] the ordination regulates their behavior until they are mature and can develop their own understanding. Some monks quit being monks. As some monks come to monasteries by their parents and friends[12] so they do not have a personal commitment to seeking enlightenment. The Buddha instructed that each person must develop their own way to enlightenment.

The Buddha once told Upali that there were ten reasons for his laying down the Vinaya rules they are:

1. For the excellence of the Sangha
2. For the comfort of the Sangha
3. For restraint of wavering individuals
4. For the living in comfort of wellbehaved monks
5. For restraint of any asavas belonging to these seen conditions
6. For warding off any asavas belonging to the hereafter
7. For devotion on the part of those not (yet) devout
8. For the betterment of those already devout
9. For the persistence of the true Dhamma
10. For assisting the Vinaya[13]

The main point of the Vinaya Rules is that they are rules that are for human behaviors. The only ideas that really matter is that all of the rules are represent guidance for those who wish to seek enlightenment. Throughout the history of Buddhism we see that some of the rules are about things that would be crimes in society so they certainly should not

9 Vinaya Pitaka, Vol. 1, Mahavibhanga, Part 1, No. 7

10 DeGraff, Geoffrey.2007.*The Buddhist Monastic Code I: The Pātimokkha Training Rules*. Valley Center, CA: Metta Forest Monastery. p.3.

11 There are four classes in India: Brahmans, (highest) priests and scholars ,Kshatriyas, (next) nobles and warriors, Vaisyas, (next) farmers and merchants and Sudras, (lowest) serfs and slaves.

12 Ñānamoli, and Bodhi. 2001.*The middle length discourses of the Buddha: a new translation of the MajjhimaNikāya*. Teachings of the Buddha. Oxford: Pali Text Society in Association with Wisdom Publications. p.677.

13 Vin.III.20; A.V.70

be done by monastics. The rules usually address two things, behaviors and presentation. The behaviors are don't do this or don't do that, killing, stealing, inappropriate sexual activities, tell false statements, etc. and presentation, these are the attitude expressed by the monks, begging for alms, looking downward, having a quiet talking , no harsh words, one meal a day, etc.

Conclusion

Buddhism does not consider women as being inferior to men. Buddhism, while accepting the biological and physical differences between the two sexes, does consider men and women to be equally useful to the society. The Buddha emphasizes the fruitful role the women can play and should play as a wife, a good mother in making the family life a success. This shows that in the Buddhist society the wife occupied an equal position with the husband.

Buddhism emphasizes on right, duty, role and equality of women. It includes the words of the Buddha concerned with the protection of women in direct and indirect way. By thoroughly survey all Buddhist scriptures, Buddhism refers to women in the positive way more than negative way. Buddhism has played the role on spiritual freedom of women. The Buddha has preached Dharma to both man and woman with clear understanding that the difference between male and female is meaningless and not important. By nature, all are friends in living and suffering. Feminine gender is the most honorable symbol as the mother of sons and daughters of the world.

They who yield to their desires

Down the stream of craving swim;

As we see the spider run

In the net himself hath spun.

Wise men cut the net and go

Free from craving, free from woe.

Loose all behind, between , before,

Cross thou to the other shore.

With thy mind on all sides free

Birth and death no more shalt see.

-Dhammapada, 347-8.

प्रथम बौद्ध संगीति के अध्यक्ष महाकाश्यप (ई०पू० ४८३)

Mk0 ;- d|.Myk] lgk;d ik/;kid] ,oa foHkkx v/;{k
phuh ,oa tkikuh v/;;u foHkkx] uo ukyUnk egkfogkj] ukyUnkA
ekfur fo'ofo|ky;] lLdfr e=ky;] Hkkjr ljdkj]

चीनी बौद्ध साहित्य के अनुसार महाकाश्यप का जन्म मगध प्रान्त में ''महातीथा'' नामक गाँव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इन्हें चीनी भाषा में ''महोचासू'' के नाम से जाना जाता है। इनके बचपन का नाम पिप्पली कुमार था। इनके पिता का नाम कपिल और माता सुमनादेवी थी।

पिप्पली का युवा होते देख इनके माता–पिता इन्हें वैवाहिक बंधन में बाँधना चाहते थे, लेकिन पिप्पली आजीवन अविवाहित रहकर जीवन व्यतीत करना चाहते थे। जब उनके माता–पिता ने बार–बार उनसे एक सुन्दर वधू के लिए कहा तो पिप्पली ने जवाब दिया, आप लोग चिन्ता न करें, जब तक आपलोग जिन्दा रहेंगे तब तक मैं आप लोगों की सेवा करता रहूँगा। क्योंकि माता–पिता की मृत्यु के बाद वे सन्यासी का जीवन व्यतीत करना चाहते थे। फिर भी इनके माता–पिता बार–बार इनके लिये वधू लाने के लिए प्रयास करते रहे।

अंत में पिप्पली मध्यम मार्ग अपनाकर अपने माता–पिता की इच्छा को पूरी करने के लिए तैयार हो गए, परन्तु उन्होंने अपने माता–पिता के सामने एक शर्त रखी कि अगर लड़की मेरे विचार की होगी तब ही मैं शादी करूँगा अन्यथा नहीं। पिप्पली ने अपने दिल से एक सुन्दर कन्या की तस्वीर बनाई जो स्वर्णमिश्रित थी इन्होंने इस तस्वीर को अपने माता–पिता को दिखा कर कहा –

''अगर आप लोग इस जैसी सुन्दर कन्या मेरे लिए खोजते है तो मैं गृहस्थ में रहूँगा''। उनके माता–पिता ने आठ ब्राह्मणों से संपर्क किया एवं उन्हें अपने साथ पिप्पली की बनाई गई तस्वीर को देते हुए कहा कि चारों तरफ ऐसी कन्या को खोज डालो। ब्राह्मणों ने सोचा, सबसे पहले हमलोग ''मादा'' देश चले जहाँ की कन्यायें सुन्दर होती हैं। उन लोगों ने सागल नाम की कन्या को खोज लिया, जो कि उस तस्वीर जैसे ही थी। वह भद्राकपिलानी थी, जो एक धनी ब्राह्मण की बेटी थी। भ्रदा कपिलानी की उम्र 16 साल की थी, जो पिप्पली से चार साल छोटी थी। उनके माता–पिता ने विवाह के प्रस्ताव के लिए स्वीकृति दे दी। इस तरह सभी ब्राह्मणों ने लौट कर अपनी सफलता के बारे में बताया। भद्रा कपिलानी को भी विवाह की ईच्छा नहीं थी। वह भी एक धार्मिक जीवन जीना चाहती थी, फिर पिप्पली ने भ्रदा कपिलानी को संदेश भेजा कि 'भद्रा' कृपया तुम किसी अच्छे विचार वाले पुरुष से विवाह कर लो। मैं स्वयं एक संन्यासी का जीवन जीना चाहता हूँ। कृपया विवाह न करो''/पुनः भद्रा ने भी इसी तरह का खत पिप्पली के नाम से भेजा। येन–केन–प्रकारेण दोनों की शादी हो गयी। विवाहोपरान्त दोनों शय्या के बीच फूल की माला रखकर सोते थे। इस प्रकार वे

ब्रह्मचर्य का पालन करते रहे। पिप्पली के पास अपार धन–संपत्ति थी। फिर भी दोनों वर्षों तक वैरागी जीवन व्यतीत करते रहे।

एक दिन जब पिप्पली खेत पर घूमने के लिए गऐ थे उस समय किसान खेत में हल चला रहे थे। हल चलाते समय कुछ कीड़ें जमीन से निकल रहे थे, जिन्हें आकाश में विचरण करने वाले पक्षी अपना आहार बना रहे थे। इस दृश्य को पिप्पली ने स्वयं अपनी आँखों से देख कर इस पाप का उत्तरदायित्व अपने पर लिया, उसके मन में बहुत ही पश्चात्ताप, उन्होंने उसी समय सारी वस्तुएँ त्याग देने का निश्चय किया।

भद्रा भी घर में कौवों को देख रही थी, जो धूप में सूखते तिल से कीड़े खा रहे थे। उसने भी इस दृश्य से द्रवित हो गृहत्याग का संकल्प ले किया। भद्रा एवं पिप्पली के विचार समान थे। सभी धन सम्पत्ति दोनों ने दास दासियों के बीच बाँट कर दोनों आपस में एक दूसरे का बाल काट एवं काषाय वस्त्र पहन हाथ में पात्र लेते हुए घर से निकल पड़ें। पिप्पली एवं भद्रा दोनों ने साथ चलते हुए कुछ दूर जाकर सोचा कि दोनों का साथ जाना ठीक नहीं है। पुनः दोनों ने अलग–अलग दिशाओं में जाने का निश्चय किया। एक चौराहे से पिप्पली ने दाहिने तरफ एवं भद्रा ने बायें तरफ का मार्ग पकड़ लिया।

कहा जाता है कि जब दोनों पति एवं पत्नी चौराहे से अलग हुए तो धरती काँप उठी। उस वक्त भगवान बुद्ध राजगीर के वेणुवन में निवास कर रहे थे। भगवान कुछ समय बाद अपने आसन से उठ कर दूर तक गये। राजगृह एवं नालन्दा के बीच बुद्ध प्रभा फैलाकर बहुपुत्रक नाम के निग्रोध के नीचे बैठ गये।

उसी समय पिप्पली रास्ते से गुजर रहे थे। पिप्पली ने भगवान को देख जान लिया कि वे ही उनके गुरू हैं, गृह त्याग के समय ही उन्होंने संकल्प ले लिया था कि संसार में जो अर्हन्त हैं वे हैी उनके शास्ता होगे। एक दिन भगवान ने उन्हें तीन बातों का उपदेश देकर अपना शिष्य बना लिया। ''काश्यप अपने आप को इस प्रकार सुशिक्षित करो। ज्येष्ठ भिक्षुओं के प्रति, श्रामणेरों के प्रति और समवयस्कों के प्रति आदर तथा सम्मान की भावना रखनी चाहिए। जो धर्म तुम सुनोगे जो कि सब की भलाई के लिए होगा। तुम उसे सावधान होकर, कान खोल कर अपनी इच्छा से ग्रहण करोगे। शरीर के प्रति जागरूकता की कभी उपेक्षा नहीं करोगे।

राजगीर में जाकर भगवान ने अपना पुराना चीवर काश्यप को दिया एवं काश्यप ने अपना नया चीवर भगवान को प्रदान किया। काश्यप के इस महापुण्य के कारण धरती काँप गई थी। काश्यप ने आठ दिनों के अंदर अर्हन्त पद को प्राप्त किया था। कहा जाता है कि बतीस महापुरूष लक्षणों में से उनके शरीर पर छः लक्षण मौजुद थे।

भगवान ने ही उसे महाकाश्यप कहकर सर्वप्रथम संबोधित किया था। यह माना जाता है कि उनके कोसिक ''गोत्र'' के नाम पर ही उनका काश्यप नाम रखा गया होगा। पालि साहित्य में भगवान

बुद्ध के शिष्यों में बहुत से काश्यप का नाम आता है जैसा कि ऊरूवेला काश्यप, नदी काश्यप, गया काश्यप, पुराना काश्यप, कुमार काश्यप। लेकिन उन सबों में महाकाश्यप का स्थान सर्वश्रेष्ठ है।

प्रथम भेंट के दौरान ही भगवान ने अपना चीवर महाकाश्यप को दिया था इस बात से प्रतीत होता है कि उनके प्रति भगवान की बहुत आस्था रही होगी। महाकाश्यप ने इस घटना को बड़े ही स्वाभिमान के साथ याद रखा। यह कहा जाता है कि महाकाश्यप ही भगवान के पश्चात् धर्म संगीति करवायेगे, यह भगवान जानते थे। एक समय श्रावस्ती में विहार करते हुए उनके संबंध में भगवान ने कहा –

''भिक्षुओं! काश्यप चीवर से संतुष्ट रहता है, चाहे वह कैसा भी हो, वह उसकी प्रशंसा करता है। भोजन कैसा भी हो वह उससे संतुष्ट रहता है। शयनासन कैसा भी हो वह उससे संतोष रखता है। गिलान प्रत्यय जैसा भी हो वह खुशी से स्वीकार करता है। अतः भिक्षुओं यह सीखना चाहिए कि हम भी इसी प्रकार संतोष पायें।

महाकाश्यप हमेशा आदर्श जीवन व्यतीत किया करते थे। वे जंगल में वास किया करते थे। केवल भिक्षा पर ही निर्भर रहते एवं चीथड़ों का ही चीवर पहनते थे। वे समाज पर कम से कम निर्भर रह कर जीते थे। एक बार भगवान ने जब इस नियम को छोड़ने के लिए कहा तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसका कारण पूछने पर वे बोले–''मैं केवल अपने लिये ही नहीं बल्कि आने वाले भिक्षुओ का ख्याल करके ही इस प्रकार का जीवन व्यतीत कर रहा हूँ। तब भगवान ने उनकी बड़ी तारीफ की थी।

महाकाश्यप को गरीबों के प्रति अपार दया थी, वे दरिद्रों की बस्ती में ही भिक्षाटन किया करते थे। कालविलंगिक की कथा से यह स्पष्ट होता है कि वे गरीबों का कितना ख्याल करते थे।

जब भगवान का महापरिनिर्वाण हुआ था तो उस समय महाकाश्यप उपस्थित नहीं थे, वे पावा से कुशीनारा की ओर यात्रा कर रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें जीवक मिला एवं भगवान के महापरिनिर्वाण की सूचना दी। ऐसा कहा जाता है कि भगवान की चिता में आग लगाने की कई बार कोशिश की गई सब व्यर्थ हो चला था। तभी वहाँ पर उपस्थित अर्हन्तों ने बताया कि जब तक महाकाश्यप नहीं आते तब तक चिता में आग नहीं लग सकती। वे पाँच सौ भिक्षुओं के साथ चिता–स्थल पर पहुँचे एवं उन्होंने भगवान के श्रीपाद पर अपना माथा रखकर तीन बार चिता की परिक्रमा की। उसके बाद ही चिता में आग लगी। यह मान्यता है कि राजा अजातशत्रु को भगवान की अस्थि का जो भाग प्राप्त हुआ वह महाकाश्यप द्वारा ही राजगृह में ले जाया गया था।

भगवान के चले जाने से कुछ भिक्खु शोक विलाप करने लगे वे जो कि अर्हन्त नहीं थे, रोते–विलखते भिक्षुओं को भिक्षु सुभद्र ने कहा था–''आयुष्मानों! महाश्रमण चला गया तो ठीक हो गया। वह हमेशा कहते रहे भिक्षुओं यह करो, यह न करो। अब हम जैसा चाहे वैसा कर सकेंगे।'' उसी समय महाकाश्यप ने इस शब्दों को सुनकर प्रथम बौद्ध संगीति बुलाने का निश्चय कर लिया था।

